

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,मंगलवार 22 जुलाई 2025 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष -41 ■ अंक-115 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 23 जुलाई 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### मंत्रालय प्रवेश के लिए अब क्यू आर कोड वाली आईडी होगी जारी

**रायपुर,22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार ने मंत्रायल के कर्मचारियों-अधिकारियों के लिए आदेश जारी किया है। आदेश में मत्रालय प्रवेश के लिए अब शासकीय सेवकों को क्यूआर कोड वाले होलोग्राम युक्त आईडी जारी की जाएगी। यह कार्ड अधिकारियों, कर्मचारियों को पहनना अनिवार्य होगा। इसकी वैधता 5 वर्ष होगी। आदेश में लिखा है...छत्तीसगढ़ शासन में कार्यरत भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, मंत्रालय में पदस्थ अन्य सेवाओं के अधिकारी, सचिवालय सेवा के अधिकारी / कर्मचारियों एवं विभाग से संलग्न कर्मचारियों के परिचय-पत्र सह प्रवेश पत्र की एकीकृत व्यवस्था की गई है, जिसके तहत समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों का RFID, QR एवं होलोग्राम युक्त परिचय पत्र बनाया जाएगा। समस्त अधिकारियों/ कर्मचारियों को मंत्रालय में प्रवेश करते समय एवं कार्यालयीन समय में नाम प्रदर्शित करते हुये परिचय-पत्र पहनना अनिवार्य होगा।

### एअर इंडिया ने पूरी की बोइंग विमानों की जांच

**नई दिल्ली,22 जुलाई।** एअर इंडिया ने मंगलवार को कहा कि उसने अपने सभी बोइंग 787 और बोइंग 737 विमानों के ईंधन नियंत्रण स्विच के लॉकिंग सिस्टम का एहतियाती निरीक्षण पूरा कर लिया है। विमान कंपनी ने यह भी कहा कि निरीक्षण के दौरान उसने कोई खामी नहीं पाई है। एअर इंडिया ने अपने विमानों का निरीक्षण तब किया है जब एएआईबी ने अपनी शुरुआती रिपोर्ट में कहा था कि अहमदाबाद एअर इंडिया क्रैश में विमान के फ्यूल स्विच अचानक कट ऑफ हो गया था। दरअसल, रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि दोनों विमान के दोनों ईंधन कट-ऑफ स्विच एक-दूसरे के कुछ सेकंड के अंतराल पर 'रन' से 'कट-ऑफ' में बदल गए। रिपोर्ट में इस बात की भी जानकारी दी गई है कि कॉकपिट की आवाज की रिकॉर्डिंग में जब एक पायलट दूसरे से पूछते हैं कि तुमने क्यों इंजन बंद कर दिया तो दूसरे पायलट जवाब देते हैं कि उन्होंने ऐसा नहीं किया।

# कांग्रेस के चक्काजाम से सड़कों पर लोग हलाकान, सियासत मारती रही उबाल

**रायपुर,22 जुलाई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस ने 33 जिलों में 2 घंटे तक चक्काजाम किया। इस दौरान प्रदेश के कई शहरों में सड़कों पर जाम लग गया. कांग्रेस इस विरोध प्रदर्शन को आर्थिक नाकेबंदी का नाम दिया, लेकिन देखा जाए तो बाजार पर इसका कम, आम लोगों पर ज्यादा पड़ा इस चक्काजाम के चलते बड़ी संख्या में लोग जरूर परेशान हुए. इस दौरान रायपुर में भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आर्थिक नाकेबंदी सफल रही है। राजधानी रायपुर में सबसे बड़ा प्रदर्शन और चक्काजाम वीआईपी रोड पर शुरू हुआ । यहां कांग्रेसी ट्रैक्टर लेकर चक्काजाम करने पहुंचे ट्रैक्टर रखकर रिंगरोड को कांग्रेसियों ने जाम कर दिया , जिससे 12 बजे से 2 बजे तक वीआईपी रोड पर लंबा जाम लग गया, इसी तरह अंबिकापुर, कोरबा, बेमेतरा, जांजगीर, सक्ती जिले से विरोध प्रदर्शन और सड़क जाम की तस्वीरें सामने आई. जांजगीर चांपा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सड़क के बीच कुर्सी रखकर धरने पर बैठ गए। उधर, भारी बारिश के बीच कांग्रेस कार्यकर्ता खुद को कुर्सियों से ढकते नजर आए।



### अडानी के दफ्तर से चल रही सरकार : भूपेश बघेल



भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में आर्थिक नाकेबंदी सफल रही है। यहां विष्णुदेव साय की नहीं चल रही है। अहमदाबाद से अडाणी के दफ्तर से सरकार चल रही है। रमन कार्यकाल में मुख्य सचिव रहे अमन सिंह और अडाणी मिलकर सरकार चला रहे हैं। बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही सरगुजा में पेड़ों की अवैध कटाई हो गई।

### साबित हो रहा कांग्रेस व्यक्ति केंद्रित है : अजय चंद्राकर



छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी पर विधायक अजय चंद्राकर का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा- कांग्रेस एक व्यक्ति विशेष की पार्टी बनकर रह गई है। कांग्रेस के प्रदर्शन का क्या उद्देश्य है यह आर्थिक नाकेबंदी क्यों और किसके लिए कर रहे हैं। देवेंद्र यादव, कवासी लखमा के लिए आंदोलन क्यों नहीं किया। आगे कहा- नाकेबंदी से साबित हो रहा कांग्रेस व्यक्ति केंद्रित है। अजय चंद्राकर ने कहा- भूपेश बघेल ने बता दिया कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है। उन्होंने खुद को नेता साबित कर दिया जनता के प्रति उनकी कोई जवाबदारी नहीं है। पेड़ कटाई का पूरा जवाब हमने दे दिया है कोई संस्था कार्रवाई विधानसभा की कार्यसूची देखकर नहीं करती। कांग्रेस को किसी विधायक, कार्यकर्ताओं से मतलब नहीं है। नेता प्रतिपक्ष विधायकों के लिए आंदोलन करने में विफल रहे हैं। 5 दिन के सत्र में 3 दिन विपक्ष ने कार्यवाही का बहिष्कार किया

### परिवारवादी और भ्रष्टाचार की राजनीति : ओपी चौधरी

छत्तीसगढ़ में ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने रायगढ़ में आर्थिक नाकेबंदी की। वहीं दूसरी ओर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस के प्रदर्शन को ढकोसला करार दिया है।



इस दौरान ओपी चौधरी का ने कहा कि ,भूपेश बघेल ने अपने बेटे को बचाने और उसकी राजनीति चमकाने के लिए पूरी कांग्रेस को झोंक दिया है। अपने भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए वे पूरी कांग्रेस को झोंक रहे हैं। प्रेस कांफ्रेंस में ओपी ने कहा- परिवारवादी और भ्रष्टाचार की राजनीति कांग्रेस का मूल चरित्र है। यह पूरे छत्तीसगढ़ की जनता के सामने उजागर हो गया है।

### चेंबर ने नहीं दिया आर्थिक नाकेबंदी को समर्थन

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्टीज ने कांग्रेस को आर्थिक नाकेबंदी को समर्थन नहीं दिया है।



चैंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री अजय भसीन ने वीडियो जारी कर सूचना दी है। उन्होंने कहा- आर्थिक नाकेबंदी से विकास में अवरोध है। इससे रोजमर्रा के व्यापार पर बुरा असर पड़ता है। साथ ही इससे ट्रक चालक और मालिकों को भी नुकसान होता है। अजय भसीन ने कहा है कि, चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्टीज के अलावा रायपुर- बस्तर कोरापुट परिवहन संघ ने भी नाकेबंदी को समर्थन नहीं दिया है। आगे बताया कि, इस प्रकार के अचानक बुलाये गये बंद चक्काजाम नाकेबंदी का समर्थन नहीं देंगे। अचानक बंद होने से व्यापार व्यवसाय सीधा प्रभावित होता है। साथ ही ट्रक चालक मालिकों को भी परेशानी से गुजरना पड़ता है। इससे ट्रकों में परिवहन हो रही सामग्रियां भी बरसात के समय में खराब होने भिगने का डर बना रहता है।

## कांवड़ यात्रा मार्ग पर योगी सरकार का आदेश सुप्रीम कोर्ट ने बताया सही

**नई दिल्ली,22 जुलाई।** कांवड़ यात्रा को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत का कहना है कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित दुकानों में क्यूआर कोड लगाने के फैसले के सही करार दिया है। योगी आदित्यनाथ सरकार की तरफ से यह आदेश दिया गया था, जिसे प्रोफेसर अपूर्वानंद समेत कई लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। इसी पर अदालत का कहना है कि दुकानदारों को क्यूआर कोड और अपना लाइसेंस लगाना चाहिए। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। इस तरह यूपी सरकार की ओर से जारी आदेश जारी रहेगा। हालांकि इस फैसले का अब कोई खास असर नहीं होगा। इसकी वजह यह है कि बुधवार को कांवड़ यात्रा का महाशिवरात्रि के साथ समापन होना है। फिर भी अदालत का यह फैसला आने वाले सालों के लिए लागू हो सकता है। योगी सरकार ने बीते साल भी एक आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया था कि दुकानदारों को अपना नाम बोर्ड पर लिखना होगा। इसे लेकर भी अदालत का रुख किया गया था और तब सुप्रीम कोर्ट ने उस फैसले को गलत करार दिया था। हालांकि तब भी फैसला आते-आते कांवड़ यात्रा का समापन हो गया था।

## अंधविश्वास में पोता बना दादा का हत्यारा

**भानुप्रतापपुर,22 जुलाई।** भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के भैंसमुंडी गांव में पोते ने अंधविश्वास में अपने दादा की ब्लेड से गला रेतकर हत्या कर दी. आरोपी को शादी से अबतक कोई बच्चा नहीं हुआ था, जिसके लिए वह अपने दादा को जिम्मेदार मानता था. चीख-पुकार सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने घायल को बचाने की कोशिश की, लेकिन एम्बुलेंस के पहुंचने से पहले ही बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया. पुलिस ने आरोपी पोते को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. वारदात भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र की कच्चे पुलिस चौकी के अंतर्गत हुई. जानकारी के मुताबिक, आरोपी कने सिंग कांगे (पोता) ने 6 साल पहले शादी की थी, लेकिन उसे संतान प्राप्ती नहीं हुई थी. इसके पीछे वह अपने दादा श्यामलाल को जिम्मेदार मानता था. आरोपी मानता था कि उसके दादा ने उसपर जादू टोना किया है, जिसके कारण उसे बच्चा नहीं हो रहा है. बताया जा रहा है कि घटना के दिन श्यामलाल मुर्गियों की बाड़ी की रखवाली कर रहा था. इस दौरान कलयुगी पोते ने मुंह दबाया और दादा की ब्लेड से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी. मृतक श्यामलाल की चीख सुनकर पड़ोसी घटनास्थल पर पहुंचे तब मृतक श्यामलाल ने बताया कि कने सिंह आया था उसने मेरा गला रेत दिया. वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गया. श्यामलाल की चीख पुकार सुनकर पड़ोसी घटनास्थल पर पहुंचे. उन्हें श्यामलाल ने बताया कि कने सिंह आया था और उसने मेरा गला रेत दिया. पड़ोसियों ने इलाज के लिए 108 एम्बुलेंस को संपर्क किया किया लेकिन एम्बुलेंस के पहुंचने से पहले ही घायल ने दम तोड़ दिया. घटना के सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी. आरोपी की तलाशी शुरू की गई, इस दौरान आरोपी फरार होने की फिराक में घटनास्थल से करीब 1 किमी दूर स्थित पेट्रोल पंप पर बैठा हुआ था.

## केंद्र ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना की दी मंजूरी

**नई दिल्ली,22 जुलाई।** केंद्र सरकार ने "सहकारिता क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना" को मंजूरी दे दी है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। योजना की पायलट परियोजना के अंतर्गत 11 राज्यों की 11 पैक्स में गोदामों का निर्माण पूरा हो चुका है। इसके अलावा, परियोजना के अंतर्गत गोदाम निर्माण के लिए 500 से अधिक पैक्स की पहचान की गई है और दिसंबर 2026 तक निर्माण पूरा करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पैक्स कम्प्यूटरीकरण परियोजना के अंतर्गत, कर्नाटक राज्य से 5,628 पैक्स को मंजूरी दी गई है।यह जानकारी सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में दी है। इस योजना में भारत सरकार की विभिन्न मौजूदा योजनाओं, जैसे कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ), कृषि विपणन अवसंरचना योजना (एएमआई), कृषि मशीनीकरण पर उप मिशन (एसएमएएम), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना (पीएमएफएमई), आदि के अभिसरण के माध्यम से गोदामों, कस्टम हायरिंग केंद्रों, प्रसंस्करण इकाइयों, उचित मूल्य की दुकानों आदि सहित पीएसीएस स्तर पर विभिन्न कृषि अवसंरचना का निर्माण शामिल है।

## मिग-21 फाइटर जेट की 62 साल की सेवा के बाद हो रही विदाई

**नई दिल्ली,22 जुलाई।** भारतीय वायु सेना रूस निर्मित मिग-21 लड़ाकू विमानों को 19 सिंतबर को सेवानिवृत्त कर देगी। करीब 62 साल तक भारतीय वायुसेना को सेवा देने के बाद मिग-21 को चंडीगढ़ एयरबेस पर एक खास समारोह में विदाई दी जाएगी। मिग-21 को 1963 में वायु सेना में शामिल किया गया था। इस विमान ने 1965, 1971, 1999 और 2019 की सभी बड़ी सैन्य कार्रवाइयों में भाग लिया है। मिग-21 एक हल्का सिंगल पायलट फाइटर जेट है। भारतीय वायुसेना ने पहली बार 1960 में मिग-21 विमानों को अपने बेड़े में शामिल किया था। सोवियत रूस के मिकोयान-गुरेविच डिजाइन ब्यूरो ने इसे 1959 में बनाना शुरु किया था। यह विमान 18 हजार मीटर तक की ऊंचाई पर उड़ान भर सकता है। ये एअर टू एअर मिसाइलों और बम को



अपने साथ ले जाने में सक्षम है। इसकी स्पीड अधिकतम 2,230 किलोमीटर प्रति घंटे यानी 1,204 नॉट्स (माक 2.05) तक की हो सकती है। 1965 और 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध में मिग-21 विमानों का इस्तेमाल हुआ था। 1971 में भारतीय मिग ने चेंगडु एफ विमान (ये भी मिग का ही एक और वेरियंट था जिसे चीन ने बनाया था) को गिराया था। ये विमान रूस ने बनाया है कि लेकिन इसमें कई खामियों की वजह से ये क्रैश कर जाता है।

इस विमान को रूस ने 1985 में रिटायर कर दिया था। यहां तक की अफगानिस्तान और बांग्लादेश ने भी इस विमान को रिटायर कर दिया है। खराब रिकोर्ड की वजह से इस विमान के लिए कई उपनाम गढ़े गए हैं, इसे 'विडो मेकर', 'फ्लाइंग कॉफिन' यानी उड़ता हुआ ताबूत कहा जाता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस विमान की पायलट विंडो की डिजायन ऐसी है कि इससे पायलट को रनवे

## 'मेरी आंखों के सामने जिंदा जले बच्चे', महिला टीचर ने सुनाई आपबीती

# अब तक 27 लोगों की मौत

**ढाका,22 जुलाई।** पूर्णिमा दास पेशे से अध्यापिका हैं। रोज की तरह सोमवार को भी वो बच्चों को पढ़ाने के लिए स्कूल गईं थीं। पूर्णिमा अपनी क्लास खत्म करके स्टाफ रूम में पहुंची ही थीं कि बाहर एक जोरदार धमाका सुनाई दिया। पूर्णिमा जल्दी से भागकर बाहर आईं तो उनके साथ पढ़ाने वाले एक टीचर तेजी से पूर्णिमा की तरफ भागकर आ रहे थे। उनका पूरे शरीर में आग लगी थी और वो बचाओ-बचाओ चिल्ला रहे थे। इससे पहले की पूर्णिमा कुछ समझ पाती वो शख्स जमीन पर गिर गया। पूर्णिमा बुत बनी वहीं खड़ी रहीं। जब उन्होंने अपने आसपास नजर दौड़ाई तो देखा स्कूल के पूरे कॉरिडोर में आग फैल चुकी हैं। जिन बच्चों को वो अभी कुछ देर पहले ही पढ़ाकर आईं थीं, वो बच्चे आग का गोला बनकर खुद के बचाने के लिए इधर-उधर भाग रहे हैं। यह खौफनाक मंजर बांग्लादेश के ढाका में स्थित



माइलस्टोन स्कूल और कॉलेज का था। सोमवार को वायुसेना का एक विमान असंतुलित होकर स्कूल पर जा गिरा। इस हादसे में 16 बच्चों समेत 19 लोगों की मौत हो गई थी और 100 से ज्यादा लोग आग में बुरी तरह से झुलस गए थे। वहीं, अब मृतकों की संख्या 27 तक पहुंच गई है। हादसे के बाद 80 प्रतिशत बच्चे घर चले गए। पूरे परिसर में डरावनी आवाजें गूंज रहीं थीं। छोटे-छोटे बच्चे मेरी आंखों के सामने जिंदा जल गए। कुछ बच्चों को बचाने के लिए मैं भागकर वॉशरूम से पानी भी लाई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। पूरी बिल्डिंग में भीषण आग लगी थी। कोई मुझे खींचकर बाहर ले गया। पूर्णिमा दास के अनुसार, "जब मैं 5 मिनट बाद वापस लौटी तो हर तरफ जली हुई लाशें पड़ी थीं। पता नहीं मुझे कोई खरोंच क्यों नहीं आई। मैं कुछ देर पहले ही उस क्लास से बाहर निकली थी। मेरी आंखों के सामने उन मासूम बच्चों के चेहरे घूम रहे हैं।"

**सार बातें**

## कांग्रेस-भाजपा के सदस्यों ने जताई अलग-अलग प्रतिक्रिया

# जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर सियासत शुरू

**नई दिल्ली,22 जुलाई।** भारत के 14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई 2025 (सोमवार) को अचानक पद से इस्तीफा दे दिया। धनखड़ के अचानतक इस्तीफे से हलचल मच गई है। जगदीप धनखड़ के इस चौंकाने वाले कदम से विपक्ष भी हैरान है। कपिल सिब्बल और जयराम रमेश समेत कई विपक्षी सांसदों ने जगदीप धनखड़ के इस्तीफे की टाइमिंग पर सवाल उठाया है। कांग्रेस नेताओं के बयान पर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे की प्रतिक्रिया आई है। दुबे ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। झारखंड के गोड्डा से बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस द्वारा सवाल उठाने पर कहा कि फिल्म में कादर खान जी का रोल चरितार्थ कर रहा है विपक्ष। अभी उनको हटाने का प्रस्ताव लेकर आए थे। कम से कम व्यक्ति के स्वास्थ्य का तो ख्याल रखें। निशिकांत दुबे ने एक मीडिया आर्टिकल का हवाला देते हुए लिखा, "भारत के विपक्षी दलों ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ महाभियोग चलाने का प्रस्ताव रखा था। विपक्षी दलों ने उन पर संसद के उच्च सदन के अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका में पक्षपातपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया था। देश के इतिहास में यह इस तरह का पहला कदम था। दरअसल जयराम रमेश ने लिखा था, "उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के



सभापति का अचानक इस्तीफा जितना चौंकाने वाला है, उतना ही अकल्पनीय भी है। शाम में मैं उनके साथ था, वहां कई अन्य सांसद भी साथ थे, शाम 7:30 बजे मेरी उनसे फोन पर बातचीत भी हुई थी। जयराम रमेश ने दावा किया है कि निःसंदेह जगदीप धनखड़ को अपने स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए लेकिन यह भी स्पष्ट है कि उनके इस बिल्कुल अप्रत्याशित इस्तीफे के पीछे जो दिखाई दे रहा है, उससे कहीं अधिक है। वहीं कांग्रेस के राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि ये हमारे लिए शॉकिंग है, क्योंकि शाम 5.45 बजे मैं उनकी केबिन से बाहर निकला। हमारे साथ जयराम रमेश और प्रमोद तिवारी भी थे। हमारी जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग के मुद्दे पर चर्चा भी हुई। उस समय लगा ही नहीं की उनकी तबीयत खराब है। वो काफी निष्पक्षता से सदन चलाते थे। ये देश की राजनीति के लिए एक बड़ा झटका है।

**कार्यकाल पूरा नहीं करने वाले धनखड़ तीसरे उपराष्ट्रपति** -जगदीप धनखड़ से पहले दो और उपराष्ट्रपति हुए जो अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर सके। जगदीप धनखड़ ने 11 अगस्त 2022 को भारत के 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। 6 अगस्त, 2022 को हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में उन्होंने विपक्षी उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हराया था। जगदीप धनखड़ को कुल 725 में से 528 वोट मिले थे।

## बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती, 24 को सुनवाई

**नई दिल्ली,22 जुलाई।** 2006 के मुंबई लोकल ट्रेन बम धमाकों के मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा सभी 12 आरोपियों को बरी किए जाने के फैसले को महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। देश की शीर्ष अदालत ने इस पर 24 जुलाई को सुनवाई करने की सहमति दी है। मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन.वी. अंजारिया की पीठ ने गुरुवार को इस मामले की सुनवाई तय की है। महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए कहा कि मामला राष्ट्रीय सुरक्षा और पीड़ितों के न्याय से जुड़ा है। सोमवार को आए फैसले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा था कि अभियोजन पक्ष आरोपों को सिद्ध करने में विफल रहा। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि सबूत इतने कमजोर हैं कि इनसे यह साबित नहीं होता कि आरोपियों ने अपराध किया। मुंबई लोकल की पश्चिमी लाइन पर सात अलग-अलग ट्रेनों में श्रृंखलाबद्ध विस्फोट हुए थे।

## एक नजर

### 6 वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया



**भिलाई, 22 जुलाई।** भिलाई लंबे समय से फरार चल रहे 6 वारंटियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है पुलिस ने बताया कि न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों में आरोपियों की उपस्थिति के लिए नोटिस एवं समन्स जारी किया गया था आरोपियों के उपस्थित नहीं होने पर न्यायालय ने आरोपियों के नाम से गिरफ्तारी वारंट जारी किया था वारंटियों के घर से फरार होने के कारण वारंट तामिल नहीं हो पा रहा था थाना मोहन नगर एवं नंदिनी पुलिस ने वारंट तामिली के क्रम में विशेष अभियान चलाकर वर्षो से फरार नितिन जोशी (19 साल ) निवासी ग्राम अहेरी भठरी पारा थाना नंदिनी,, खिलेश कुमार ठाकुर उर्फ बंटी (23 साल ) निवासी ग्राम अहेरी थाना नंदिनी, धर्मेंद्र कुमार ठाकुर उर्फ मोंटू (21 साल ) ग्राम अहेरी थाना नंदिनी, संतोष देवांगन शंकर नगर दुर्ग, प्रकाश देवांगन शंकर नगर दुर्ग और रतन लाल देवांगन शंकर नगर दुर्ग है ।

### स्कूल व मकान में तोड़फोड,महिला गिरफ्तार




**भिलाई, 22 जुलाई।** भिलाई स्कूल व मकान में तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने फरार महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है पद्मनाभपुर टीआई राजकुमार लहरे ने बताया कि आरोपी राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव अपने दोस्त परवीन खान, आशिया खान, साहू ड्राइवर के साथ मिलकर पीड़ित के.व्ही. शशी के घर पंचशील सेक्टर ए सडक 7 बोरसी पहुंचे थे इस दौरान आरोपियों ने मिलकर गैती, बडा हथौडा, फावडा लेकर पीड़ित के स्कूल, मकान में घुसकर जमकर तोड़फोड़ किया था इसके अलावा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी थी शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश में जुटी रही मुखबिर की पुलिस ने मामले की फरार आरोपी तकिया पारा वार्ड 8 दुर्ग निवासी परवीन शेख को गिरफ्तार किया पद्मनाभपुर थाने पुलिस ने पहले आरोपी राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव को पकड़कर पूछताछ किया था घटना को करना स्वीकार किया था महिला आरोपी को पुलिस ने रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया।

### मोबाइल छीनकर भागने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 22 जुलाई।** भिलाई पैदल टहलकर घर लौट रहे स्टेशन मास्टर का मोबाइल छीनकर भागने वाले झपटमार गिरोह का जामुल पुलिस ने पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है पुलिस के लिए सीसीटीवी फुटेज की मददगार साबित हुई पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 नग विभिन्न कंपनी का मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त किया है जामुल टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि प्रार्थी दिनेश कुमार गोड भिलाई-3 चरोदा में स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि अपने घर शारदापारा कैम्प-2 से पैदल टहलते हुए गौरव पेट्रोल पंप तक गया था। वहां से वापस अपने घर आ रहा था। करीब 6.30 बजे आम्रपाली कालोनी गेट के सामने रोड पर पहुंचा था।

उसी समय एक मोटर साइकिल में तीन अज्ञात लड़के अचानक पीछे से आये और मोबाइल में बात करते समय प्रार्थी के मोबाइल को छीनकर भाग गए। रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ धारा 304(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है जामुल टीआई ने बताया कि घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया। हुलिया एवं मुखबीर सूचना के आधार पर रितेश अहिरवार उर्फ कोमा (24साल ) निवासी ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज, अविनाश पोर्ते ( 20 साल ) निवासी आदिवासी नगर छावनी बस्ती, नमन उइके (20 साल ) निवासी आदिवासी नगर छावनी बस्ती व एक नाबालिग को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

### युवक से मोबाइल,नगदी की लूट

**भिलाई, 22 जुलाई।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के युवक को बाइक सवार तीन बदमाशों ने चाकू दिखाकर मोबाइल और जेब में रखे ढ़ाई हजार रुपए नगद लूटकर भाग गए रिपोर्ट पर जामुल थाने पुलिस मामले में धारा 309(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है जामुल पुलिस ने बताया कि ग्राम कोड़िया निवासी किशन निर्मलकर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह निरोज कंपनी हथखोज में हेल्फर का काम करता है अपने घर से बाइक से पिता बुधराम निर्मलकर को लेने निरोज फैक्ट्री के पास निकला खेरधा रेलवे लाइन के पास पहुंचा।

उसी दौरान उसके पिता का कॉल आया लेने आने को लेकर पूछने लगे इसके बाद बाइक से सरकारी स्कूल के पास ग्राम सुरडुंग पहुंचा ही था ।

# आयुक्त ने की गणना फॉर्म की जांच एवं विकास कार्यों की समीक्षा



**रिसाली,22 जुलाई।** रिसाली क्षेत्र में चल रहे कर पुनर्निर्धारण कार्य का आयुक्त मोनिका वर्मा ने निरीक्षण कीं। उन्होंने पुनर्निधारण कार्य करने वाली टीम से जानकारी ली। व्यावसायिक और आवासीय गणना की जांच की । खास बात यह है कि अब तक 4 वार्डो का पुनर्निधारण के बाद राजस्व लक्ष्य में 43 लाख की बढ़ोत्तरी हुई है। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर निगम क्षेत्र के आवासीय और व्यवसायिक भवनों का सम्पत्तिकर का पुनर्निर्धारण किया जा रहा है। वार्ड 28 शक्ति विहार रिसाली क्षेत्र स्थित सिन्हा टायपिंग गली में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने न केवल गणना फार्म की सूक्ष्मता से जांच की, बल्कि आवास और दुकानों की नाप को ध्यान से देखा। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अगर भवन किराए में संचालित है तो स्पष्ट रूप से गणना फार्म में व्यवसायिक उपयोग उल्लेख करें । संपत्तिकर विभाग के प्रभारी अधिकारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि वार्ड 22 मैत्री कुंज, वार्ड 23 प्रगति नगर, वार्ड 24 आजाद मार्केट व 25 आशीष नगर में संपत्तिकर निर्धारण का कार्य पूर्ण हो चुका है। चारों वार्ड में 43 लाख की राशि बढ़ी है। पूर्व में इन वार्डो में कर की रशि 1 करोड़ 63 लाख थी। कर पुनर्निर्धारण करने 7 टीम का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में 3 सदस्य हैं । टीम के सदस्य कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए स्व विवरणी को आधार मानते नए सिरे से नाप जोख कर रहे हैं। आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि संपत्तिकर 31 जुलाई तक जमा कर नियमतः 5 प्रतिशत छूट का लाभ ले सकते हैं । 1 अगस्त के बात 30 सितम्बर तक छूट 4 प्रतिशत होगी। इसके बाद अक्टूबर माह में जमा करने पर 2 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

## हाईकोर्ट से आरोपित रोशन चंद्राकर को मिली जमानत

**भिलाई, 22 जुलाई।** उच्च न्यायालय बिलासपुर ने 18 जुलाई को आरोपित रोशन चंद्राकर को जमानत दी। वर्ष 2024 जनवरी में एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा नगर आपूर्ति निगम के घोटाले, राइस मिलरों से अवैध वसूली तथा नान के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज सोनी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को नियम विरुद्ध आर्थिक लाभ पहुँचाने का मामला दर्ज किया गया था । इस मामले में सीनियर एडवोकेट शैलेंद्र दुबे एवं आदित्य तिवारी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की एवं धारा 384, 409, 120 बी आईपीसी 13(1)ए, 13(2),11 के तहत आरोपित को जमानत का लाभ दिलाया ।

## शिवसेना के भिलाई जिला प्रमुख बनाये गए राजू गुप्ता



**भिलाई, 22 जुलाई।** शिवसेना यूबीटी के प्रदेश प्रमुख डॉ. आनंद मल्होत्रा ने शिव सैनिक राजू गुप्ता की संगठन के प्रति लगन एवं सामाजिक कार्यों को देखते हुए भिलाई जिला प्रमुख बनाया है। उनकी नियुक्ति का भिलाई के शिव सैनिकों ने स्वागत किया है। डॉ आनंद मल्होत्रा ने मुंगेली में प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की नियुक्ति की गई जिसमें सुरेन्द्र यादव को प्रदेश सचिव, प्रदेश कार्य समिति प्रमुख ठाकुर हरिकपुर, चन्द्र मौली मिश्रा, दाऊराम चौहान को महासचिव, समीर पाल प्रदेश कोषाध्यक्ष गीरवर वर्मा, मनहरण साहू, प्रदेश प्रवक्ता गंगोत्री साहू, पिंकी पटेल, ममता राजपूत को नियुक्ति किया। राजू गुप्ता भिलाई जिला प्रमुख बनने पर रमेश सिंह संदीप हटवार गगन कुमार ने बधाई दी।

### छत्तीसगढ़ राज्य तैराकी प्रतियोगिता 26 से

**भिलाई, 22 जुलाई।** सब जूनियर एवं जूनियर राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ राज्य तैराकी के तत्वाधान में आगामी 26 से 27 जुलाई को दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित होगी 7 इस हेतु टीम का चयन 22 जुलाई को सायं 2 बजे से भिलाई क्लब में आयोजित होगी। प्रतियोगिता ग्रुप 3 में 11 व 12 वर्ष, ग्रुप 02 में 13 से 14 वर्ष, ग्रुप 01 में 15 से 17 वर्ष। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए साथ में जन्म प्रमाण लाना अनिवार्य है। चयनित तैराक राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

## जब सबका पुण्य उदय में आता है तब प्राप्त होता है साधुओं का चातुर्मास



**भिलाई, 22 जुलाई।** जैन समाज द्वारा नेहरू नगर जैन मंदिर के इतिहास में प्रथम चातुर्मास स्थापना का कार्यक्रम संपन्न हुआ । प्रातः काल जैन युवा संघ द्वारा श्रीजी के अभिषेक व मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ पूजन आयोजित की गई। मुकुट सप्तमी पर्व विशेष साप्ताहिक पूजन का संचालन अनेकान्त जैन ने किया। सर्वप्रथम चातुर्मास कलश की महिलाओं द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। चातुर्मास स्थापना समारोह का ध्वजारोहण अरविंद जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनेक विविध सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर व आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का अनावरण विभिन्न मंदिरों के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। चातुर्मास कलश स्थापना के अवसर पर आर्यिका माता दुर्लभमति व अक्षयमती ने अपने उद्बोधन मे कहा कि जब सबका पुण्य उदय में आता है तब जाकर साधुओं का चातुर्मास समाज को प्राप्त होता है। छत्तीसगढ़ में धर्म की लहर है तभी एक साथ 10 स्थानों पर चातुर्मास हो रहे हैं, यह भी एक इतिहास है। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल ने श्रीफल समर्पित कर माताजी से आशीर्वाद प्राप्त किया। बाल ब्रह्मचारी अंकित के निर्देशन में सभी धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। सभी धर्मों में दान का विशेष महत्व माना जाता हैं। मुनि प्रणेय सागर व आर्यिका रजतमती माता के परिवार जनों को सम्मानित किया गया। चातुर्मास कलश चार माह तक मंदिर प्रांगण में स्थापित रहेगा, जिसे प्रतिदिन आर्यिका माता जी द्वारा अपनी साधना से मंत्रित किया जायेगा। चार माह पश्चात सभी कलशों को पुण्यार्जक परिवार के घरों या प्रतिष्ठान में उनके सुख शांति व समृद्धि की कामना सहित स्थापित किया जायेगा। जैन ग्रंथों में इन कलशों का विशेष महत्व बताया गया है।

# सरयूपारीण ब्राह्मण समाज महिलाओं ने स्मृति नगर में किया रुद्राभिषेक



**भिलाई, 22 जुलाई।** सरयूपारीण ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ द्वारा समाज के भवन स्मृति नगर में भगवान भोले नाथ बाबा का रूद्राभिषेक किया गया। जिसमें समाज के सभी महिला प्रकोष्ठ के सदस्य एवं सरयू पारीण ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी सुनील मिश्र एवं अन्य सदस्यों द्वारा भगवान भोले नाथ बाबा के रुद्राभिषेक के अवसर पर भजन कीर्तन प्रस्तुत किया गया। रुद्राभिषेक प्रमुख रूप से समाज के महासचिव रामलखन मिश्र, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रीति दुबे, लालिमा तिवारी, ममता मिश्रा, दिनेश मिश्रा, शशि प्रभा मिश्र, रेखा शर्मा, दीपिका शर्मा, प्रीति पांडे, मानक पांडे, रुक्मणि मिश्र, अन्नू पांडे, रीता शर्मा, एकता मिश्र, किरण दुबे, पूनम उपाध्याय, सुभाष चंद्र तिवारी, नर्मदा प्रसाद मिश्र, रामविलास मिश्रा, रितेश मिश्र, जय पांडे, राधा कृष्ण पांडे, रामायण मिश्र, धर्मेंद्र उपाध्याय, कैलाश पाठक, जे के पांडे, प्रवीण तिवारी, बसंती पांडे, समीरा तिवारी, शुभांगी मिश्र, रुद्राभिषेक कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की मातृ शक्ति ने भोले बाबा को श्रृंगार से सुशोभित किया और श्रावण मास के गीत भी गए, दुग्ध से स्नान कराया इसके पश्चात भोग प्रसाद का वितरण किया गया।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने किया दुकानों का निरीक्षण

**दुर्ग, 22 जुलाई ।** राज्य शासन के निर्देश पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की औषधि शाखा द्वारा 21 जुलाई को जिले में संचालित अम्बे मेडिकल, रिसाली भिलाई से प्रसाधन सामग्री के 02 नमूने, मेसर्स गुरुकृपा कास्मेटिक्स सुपेला भिलाई से 01 नमूना, मेसर्स जलाराम ब्यूटी वर्ल्ड, मोतीपारा, दुर्ग से 01 नमूना, मेसर्स सिल्की फैशन जोन, मरोदा रिसाली से 01 नमूना। ऐसे कुल प्रसाधन सामग्री के 05 नमूने जांच हेतु लिए गए। गिफ्ट एण्ड टॉयज़, सेक्टर-06, ए-मार्केट, भिलाई, मेसर्स दुल्हन श्रृंगार सदन, सेक्टर-06, ए-मार्केट, भिलाई, ऐसे कुल 10 फर्मों का निरीक्षण किया गया।

## पीएम आवास की 31 को निकाली जाएगी लाटरी



**भिलाई, 22 जुलाई।** शासन की जनकल्याणकारी योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी का संचालन किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई में प्रधानमंत्री आवास योजना घटक से निर्मित आवासों का आबंटन हेतु सक्षम स्वीकृति प्राप्त हुआ है। जिसके तहत मकान के कुल 10 प्रतिशत अंशदान राशि एवं व्यवस्थापन हेतु कुल हितग्राही अंशदान 75000 रुपये निगम कोष में जमा कराकर नियमानुसार लाटरी निकाला जाएगा। सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को अन्य तल (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) तथा वरिष्ठ एवं दिव्यांगजनों को भूतल के आवासों का आबंटन लाटरी पद्धति से निगम सभागार में 31 जुलाई को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। पात्र हितग्राही जल्द ही अंशदान राशि जमा कर लॉटरी में शामिल हो सकते हैं।

# विवेकानंद नगर में पानी की समस्या से परेशान हैं नागरिक



**भिलाई, 22 जुलाई।** संतोषी पारा कैंप 2 विवेकानंद नगर बंगाली मोहल्ला के में रह रहे परिवारों को पानी मुहैया कराने की मांग को लेकर कल्याण सेवा जन जागृति संगठन का एक प्रतिनिधि दल जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर अभिजीत सिंह से शिकायत की। लोगों ने बताया कि पानी सबसे बड़ी जरूरत होने के बावजूद वार्ड 33 संतोषी पारा कैंप 2 विवेकानंद नगर में रह रहे परिवारों को पानी की भारी किल्लत से जूझना पड़ रहा है । निगम प्रशासन द्वारा घर-घर नल जल योजना के तहत नल कनेक्शन तो लगा दिए गए है परंतु पाइप लाइन से पानी नहीं मिल पा रहा है, नल कनेक्शन केवल दिखाने के लिए रह गया है। यहां के लोगों को गर्मी के मौसम में भीषण पानी की समस्या से जूझने के बाद बरसात के मौसम में भी पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है।

## एआईपीइएफ ने पॉवर सेक्टर को बचाने केन्द्र और राज्य सरकारों से की अपील



**लखनऊ 20 जुलाई।** ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन की फेडरल काउंसिल की लखनऊ में हुई बैठक में फेडरेशन ने भारत सरकार और राज्य सरकारों से अपील की है कि किसानों और गरीब उपभोक्ताओं के व्यापक हित में पॉवर सेक्टर का निजीकरण रोका जाये और पॉवर सेक्टर को सार्वजनिक क्षेत्र में बनाये रखा जाये।फेडरेशन ने कहा है कि उ0प्र0 में जिस प्रकार से निजीकरण किया जा रहा है उससे प्रदेश के मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति की खुले आम धज्जियां उड़ रही हैं फेडरेशन ने निजीकरण के नाम पर उत्तर प्रदेश में बिजली कर्मियों के किये जा रहे दमन की कठोर शब्दों में निन्दा करते हुए कहा है कि भय का वातावरण बनाकर दमन के बल पर निजीकरण नहीं होने दिया जायेगा। फेडरेशन ने उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में किये जा रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी आन्दोलन की चेतावनी,फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में किये जा रहे बिजली के निजीकरण को तत्काल निरस्त न किया गया तो देश के तमाम बिजली इंजीनियर, बिजली कर्मचारियों के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र के बिजली कर्मियों के समर्थन में सड़क पर उतर कर आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे।फेडरेशन ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने हित में बिजली कर्मियों के आन्दोलन का समर्थन करें और निजीकरण की प्रक्रिया को रोकने में बिजली कर्मचिरियों का साथ दें,फेडरल काउंसिल की मीटिंग की अध्यक्षता ऑल इण्डिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने की। बैठक में सेक्रेटरी जनरल पी रत्नाकर राव, पैट्रन के अशोक राव, पी एन सिंह, सत्यपाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कार्तिकेय दुबे, संजय ठाकुर सहित फेडरल काउंसिल के वरिष्ठ पदाधिकारी सम्मिलित हुए। फेडरेशन ने कहा कि उड़ीसा में निजीकरण का प्रयोग तीन बार विफल हो चुका है। अमेरिका की एईएस कम्पनी का प्रयोग विफल हुआ।रिलायन्स पॉवर कम्पनी के पूर्णतया विफल रहने के बाद फरवरी 2015 में विद्युत नियामक आयोग ने तीनों कम्पनियों के लाइसेंस रद्द कर दिये।

# ग्राम कोलिहा में 300 से ज्यादा आवास बने:शिवरतन



सिमगा, 22 जुलाई। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कौशलपुर कोलिहा में भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक प्रदेश उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी शिव रतन शर्मा ने कहा ग्राम पंचायत कोलिहा में जो भी विकास के कार्य हुए हैं वह भारतीय जनता पार्टी के द्वारा किए गए हैं डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में वर्तमान मुख्यमंत्री विष्णु देव के कार्यकाल में ग्राम का विकास किया गया है आप सबके सहयोग से आज या भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हो रहा है श्री शर्मा ने कहा 2014 में जब देश के प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने कहा था मैं किसानो की आय को दुगना करूंगा तो यही कांग्रेसी हंसते थे लेकिन आपको मैं यह बताना चाहता हूं 21 क्विंटल धान 3100 रुपए पर क्विंटल की खरीदी पर किसान को 65100 प्रत्येक एकड़ पर मिल रहा है एक एकड़ में 10 से 15000 रुपए खर्च होता है आप खुद किसान हो हिसाब लगा लो प्रत्येक किसान को कितने पैसे की बचत हो रही है श्री शर्मा ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गरीब जनता के आवास को रोक कर रखे थे वह नहीं चाहते थे गरीब जनता कभी आवास बने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हर गरीब को 2022 तक पक्का मकान देने का वादा किया था आपके ग्राम कोलिहा में भी 300 से ऊपर आवास बन चुके हैं और जो भी आवास का आवेदन आया है वह भी अतिशीघ्र पूरा होगा श्री शर्मा ने कहा एक बात आज तक मुझे समझ में नहीं आई जब विकास की बात आती है तो आप भारतीय जनता पार्टी को कार्य करने के लिए आवेदन देते हो लेकिन जब वोट देने की बात आती है तो आप भारतीय जनता पार्टी को अपना साथ समर्थन और सहयोग नहीं देते ऐसा क्यों होता है ।

### कावड़ यात्रा



**सिमगा, 22 जुलाई।** सावन मास में प्रमिला मनीष गुप्ता एवं उनके सहयोगियों द्वारा रामनगर टीहूपारा स्थित शिव मंदिर से शुरू हुई कांवड़ यात्रा का नगर के अलग-अलग जगहों में भव्य स्वागत किया गया तत्पश्चात इस यात्रा का शिवनाथ नदी के तट में स्थित प्राचीन सिध्देश्वर शिव मंदिर में जलाभिषेक के साथ समापन हुआ, इस पावन यात्रा में प्रमुख रूप से प्रमिला गुप्ता, राखी भोंसले, सुनीता यादव,रजनी दुबे, वंदना इंगोले, पिंकी तिवारी, रोहित देवांगन पिंटू चतुर्वेदी, प्रवीण भोंसले उपस्थित थे

# पर्यावरण की रक्षा प्राणों की रक्षा करने के समान:अशोक बजाज



**रायपुर, 22 जुलाई।** पर्यावरण हैं तो प्राण हैं, इसकी रक्षा करना प्राणों की रक्षा करने के समान हैं द्य उक्त उदगार वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जिला पंचायत रायपुर के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने ग्राम उमरपोटी मे आयोजित एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम मे व्यक्त किये द्य श्री बजाज ने कहा कि हरियाली का सीधा संबंध खुशहाली से हैं, धरती हरी भरी रहेगी तो हमारे जीवन मे भी खुशहाली बढ़ेगी । उन्होंने कहा कि वृक्ष तमाम जीवों को पालते हैं तथा शुद्ध आक्सीजन प्रदान करते हैं द्य इस अवसर पर गौठान मे सैकडों पौधे लगाये गए द्य इस कार्य मे ग्रामवासियों विशेषकर महिलाओं एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया द्य कार्यक्रम में मुख्यरूप से भारतीय किसान संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री तुलाराम धीवर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रकला ध्रुव, कलार डडसेना समाज अभनपुर के मंडलेश्वर शांतनु सिन्हा, सरपंच पिंकेश्वर सिन्हा, आलेखुटा के सरपंच झाडूराम सिन्हा, सुंदरकेरा के पूर्व सरपंच नत्थूराम साहू, सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष गोपाल साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता देवनारायण सिन्हा, योगेंद्र ध्रुव, उपसरपंच प्रीतम सिन्हा, रूपचंद नागवंशी, अवधराम नागवंशी, रामचंद्र ध्रुव, लीलाराम पटेल, भागीरथी तारक, उसुक बाई ढिढी, उपसरपंच मोंगरा तारक, चमेली बाई सिन्हा, सुखबती साहू, नोहर यादव, मुन्ना सिन्हा, दुष्यंत साहू, पुरानिक सिन्हा, विजय राव, प्रेम सिन्हा, कुमारी कुर्रे, यशोदा बाई, टीकम सिन्हा, प्रेम सेन, गुड्डू तारक, लोकनाथ मनहरे, प्रमोद मनहरे, अशोक सिन्हा, अलेन पटेल, संतोष सिन्हा व अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### आबकारी विभाग ने अवैध शराब निर्माण व बिक्री पर की बड़ी कार्रवाई

**दुर्ग, 22 जुलाई ।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश तथा प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्री सी. आर. साहू के मार्गदर्शन में आबकारी अमला द्वारा 21 जुलाई गश्त के दौरान अवैध शराब के निमार्ण, विक्रय एवं धारण की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित एवं विधिवत् कार्यवाही कर ग्राम घटियाखुर्द थाना नंदिनी नगर जिला दुर्ग में आरोपी अनिकेत पारधी एवं अज्ञात के कब्जे से 75 लीटर कच्ची मदिरा गुड़ निर्मित, जिसका बाजार मूल्य 11250 रूपये है एवं 900 किलेग्राम गुड निर्मित पाश, जिसका बाजार मूल्य 45000 रूपये है ।

## तालाब किनारे अतिक्रमण देखकर महापौर ने जल्द हटाने के दिए निर्देश

**दुर्ग, 22 जुलाई।** नगर निगम दुर्ग महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर,नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पार्षद रेशमा सोनकर,लोकेश्वरी ठाकुर, उपभियंता विनोद मांझी, सुरेश भारती के अलावा अधिकारियो के साथ सोमवार को वार्ड क्रमांक 58, उरला क्षेत्र में तालाब के किनारे निरीक्षण किया गया,निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा तालाब के आसपास अवैध कब्जा,नालियों की दुर्दशा और सड़क पर जलभराव की स्थिति को सुधार के निर्देश दिए,महापौर ने तालाब किनारे अवैध निर्माण को देखते हुए, कब्जाधारियों को मौके पर चेतावनी दी गई है और जल्द ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू करने की बात कही,इस निरीक्षण के दौरान सफाई में लापरवाही पाए जाने पर,सफाई दरोगा व सुपरवाइजर को फटकार लगाई गई और सुधार के निर्देश जारी किए तालाब किनारे अवैध कब्जों को यथाशीघ्र हटाया जाए।नालियों और सड़कों की सफाई कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किए जाएं।

## एक नजर

### त्रिनेत्र योजना के लिए आईएमए ने दिए 21 लाख



**राजनांदगांव , 22 जुलाई ।** सरकार तथा समाजसेवी संस्थाओं द्वारा नगर की सुरक्षा हेतु बनाई गई महती त्रिनेत्र योजना में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने भी अपनी भूमिका का निर्वहन किया है । आज चिकित्सकों का एक दल विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह से भेंट कर उक्त योजना हेतु 21 लाख रुपए का चेक प्रदान किया । उक्त अवसर पर जिलाधीश सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे तथा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग भी उपस्थित थे । कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे तथा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की विशेष उपस्थिति में चिकित्सकों के प्रतिनिधि मंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह को 21 लाख रुपए का चेक उक्त योजना में सहभागिता हेतु प्रदान किया । उक्त भेंट - मुलाकात के दौरान वरिष्ठ चिकित्सक डॉ .दीक्षित , डॉ. मोहन पारख, डॉ. दिवाकर , डॉ. नरेंद्र गांधी , डॉ. मिथलेश शर्मा ,डॉ. सतीश वासनिक , डॉ. नरेंद्र कटियारा ,डॉ. विक्रम बग्गा , डॉ. योगेश सोनी , डॉ. बी सी जैन , डॉ. कुमरे, तथा डॉ. एच एल मोतीरमानी ने भी उपस्थिति दर्ज कराई ।

### रेडक्रास सोसायटी की बैठक में सदस्यता बढ़ाने पर दिया जोर



**राजनांदगांव 22 जुलाई।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रास सोसायटी शाखा राजनांदगांव की प्रबंध कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि रेडक्रास मानवता के लिए समर्पित भाव से कार्य करने वाली संस्था है। जिले में रेडक्रास की सदस्यता बढ़ाने के लिए अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने ब्लड बैंक के निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। डीएमएफ से ब्लड बैंक के लिए मशीन खरीदने के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि रेडक्रास कार्यालय के लिए भूमि एवं भवन निर्माण के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस दौरान रेडक्रास की आय बढ़ाने के संबंध में चर्चा की गई।

### अवैध रूप से शराब बेचते 2 गिरफ्तार



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 22 जुलाई।** समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम सोनपुरी एवं लवनबन में घेराबंदी कर अवैध रुप से शराब बिक्री करते हुए 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से 4100 कीमत मूल्य का 31 पाव देशी मसाला शराब एवं 05 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों के नाम - 1. अनिल गर्ग उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सोनपुरी थाना सिटी कोतवाली 2. अमरौतिन बाई उम्र 35 साल निवासी ग्राम लवनबन थाना सिटी कोतवाली।

### 23 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प

**बलौदाबाजार, 22 जुलाई।** जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से लाईवलीहुड कॉलेज सकरी, बलौदाबाजार में 23 जुलाई 2025 को निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा प्राप्त 85 पदों के लिये प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प सुबह 11:00 से 3:00 बजे तक आयोजित की जायेगी। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक श्री राम हॉस्पिटल बलौदाबाजार द्वारा नर्स के 15 पद, डॉक्टर के 4 पद, सीटी स्केनर के 1, शैक्षणिक योग्यता बीएससी नर्सिंग/जीएनएम/एएनएम, एमबीबीएस/अन्य एवं सीटी तकनीशियन एवं अनुभव 0 से 5 वर्ष, उम्र 18 से 50 वर्ष, वेतन पदानुसार 10 हजार से 1 लाख रूपए तक देय होगा। कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। अग्रवाल फ्यूल्स बलौदाबाजार द्वारा मैनेजर के 1 पद, सुपरवाइजर के 05 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं, बीकॉम एवं अनुभव 0 से 2 वर्ष, उम्र 18 से 40 वर्ष, वेतन 7 हजार से 10 हजार रूपए पदानुसार देय होगा। कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार होगा। स्काई आटोमोबाईल बलौदाबाजार द्वारा सेल्समेन के 3 पद, 12वीं, उम्र 18 से 35 वर्ष, अनुभव 0 से 01 वर्ष एवं वेतन 8000 से 16000 हजार पदानुसार, कार्यक्षेत्र बलौदाबाजार, होगा। इच्छुक आवेदक अनिवार्य रूप से समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो सहित आवेदक स्वयं की व्यवस्था के साथ उपस्थित हो सकते है। अधिक जानकारी हेतु जिला रोजगार कार्यालय से या दूरभाष न. 07727299443 से सम्पर्क कर सकते है।

# कांग्रेस की आर्थिक नाकेबंदी, सड़क पर बैठक कर किया प्रदर्शन,नारेबाजी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा, 22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में 22 जुलाई को आर्थिक नाकेबंदी करने का ऐलान किया है। चैतन्य बघेल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार किया था। ईडी का आरोप है कि छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला 2019 और 2022 के बीच हुआ था, जब भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार थी. इस को लेकर काग्रेस के वरिष्ठ नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी के नेतृत्व तिल्दा नेवरा शहर ओर ग्रामीण काग्रेस कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल चौक में सड़क के बीचों बीच बैठक कर नाकेबंदी कर Ed के खिलाफ ओर बीजेपी के खिलाफ नारे बाजी की ओर टायर जलाकर प्रदर्शन किया।इस में काग्रेस के ब्लाक काग्रेस के अध्यक्ष देवा दास टंडन वरिष्ठ नेता राम गिडलानी। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोती हिंदुजा सुनील सोनी डा भीम भोजवानी नीरज राठी लक्ष्मी नारायण वर्मा मनोहर ग्लानि राजेश कोटवानी राजू शर्मा दिनेश सोनी देवेंद्र वर्मा आशा यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी सक्रिय दिखे और विरोध प्रदर्शन किया

विरोध प्रदर्शन के कारण को लेकर काग्रेस नेता शैलेश नितिन त्रिवेद राम गिड़लानी ने कहा कि - चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को लेकर कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि केंद्र सरकार विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

स्थानीय कांग्रेस पार्टी ने ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताया है और कहा है कि यह कार्रवाई विधानसभा सत्र के दौरान की गई, जब भूपेश बघेल तमनार में अदाणी के लिए पेड़ काटने के मुद्दे को उठाने वाले थे

कांग्रेस पार्टी पूरे छत्तीसगढ़ में आर्थिक नाकेबंदी के अंतर्गत तिल्दा नेवरा में आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ सकता है। तिल्दा में कांग्रेस द्वारा आयोजित नाकाबंदी बेअसर रही। नाकाबंदी के दौरान सड़क पर आवाजाही सामान्य रूप से जारी रही और बाजार भी खुले रहे। कांग्रेस की नाकाबंदी के आह्वान के बावजूद लोगों ने इसका समर्थन नहीं किया और अपनी दिनचर्या के अनुसार कामकाज किया।

### महापौर-आयुक्त ने विधानसभा अध्यक्ष से की मुलाकात

# स्वच्छता सर्वेक्षण में राजनांदगांव के टॉप-20 में आने पर दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 22 जुलाई।** विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह जी के आज राजनांदगांव प्रवास के दौरान महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में संस्कारधानी राजनांदगांव पूरे देश में टॉप 20 में आने तथा प्रदेश में 6वें स्थान प्राप्त करने पर उनसे सौजन्य मुलाकात कर बधाई एंव शुभकामनाए दिए। महापौर श्री यादव ने कहा कि गत स्वच्छता सर्वेक्षण में राजनांदगांव शहर भारत में 79वे स्थान पर था, परन्तु इस वर्ष 2024-25 के स्वच्छता सर्वेक्षण में 65 छलांग लगाकर 14वॉ स्थान प्राप्त किया। उक्त स्थान आपके सहयोग एवं मार्गदर्शन से प्राप्त हुआ है। उन्होंने शहर विकास के लिए 63 करोड की राशि राज्य बजट में स्वीकृत कराने पर भी डॉ. रमन सिंह जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपके मार्गदर्शन में भविष्य में शहर की तस्वीर बदलकर एक अलग छवि दिखेगी। विधायक डॉ. रमन सिंह जी ने बधाई देते हुए कहा कि नगर निगम की टीम की मेहनत रंग लाई और भारत में टॉप 20 में स्थान मिला। उन्होंने कहा कि आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 10 मे स्थान बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त करे। इसके लिए और मेहनत करे, नागरिको को भी स्वच्छता से जोडे। इसे ध्यान में रखकर महापौर मधुसूदन यादव के नेतृत्व में टीम वर्क के साथ कार्य करे। इस अवसर पर कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष श्री कोमल सिंह राजपूत सहित स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सदस्य श्री शैकी बग्गा, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समनवयक श्री देवेश साहू उपस्थित थे।

## हितग्राहियों को शिवरतन ने दिया प्रमाणपत्र



**भाटापारा, 22 जुलाई।** नगर पालिका परिषद में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाणपत्रों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा थे, जिन्होंने अपने कर-कमलों से लाभार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया ने की। सीएमओ जफर खान ने बताया कि योजना के तहत आज 60 लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए हैं, और आगे भी पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन पार्षद श्रेणिक गोलछा नगर द्वारा किया गया। उपस्थित लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री,राज्य शासन पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया।

## याकूब भाई को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



**भाटापारा, 22 जुलाई।** भाटापारा के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व क्रिकेटर याकूब जालियावाला की नवमी पुण्यतिथि पर कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई/वहीं परिजनो द्वारा स्टेशन मे आम जानो को भोजन वितरण किया गया। विधायक इन्द साव ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा याकूब भाई को हम बचपन से देखते आ रहे है हम बच्चे भी थे उसके बाद भी वो हमसे हमेशा दोस्त यार की तरह मिलते थे वो कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे और हमारे मार्गदर्शक थे । इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस सचिव सुशील शर्मा, सतीश अग्रवाल,शहर कांग्रेस अध्यक्ष अरूण यादव ने भी संबोधित कर उनके पुण्य स्मरण को याद किया । याकूब भाई के पोते शादाब ने कांग्रेस परिवार का आभार करते हुए कहा दादा जीने कभी कांग्रेस को पार्टी नहीं कहा परिवार कहा दादा जी कहते थे हम कांग्रेस से है हमसे कांग्रेस नहीं और मुझे बहुत खुशी है की मैं भी इस परिवार का हिस्सा हूँ शादाब ने कहा आज ग़रीब लोग भोजन कर रहे है उसको देख के मेरे दादा जी की रूह बहुत खुश हो रही होगी इस मौके पर विधायक इन्द्र साव सुशील शर्मा सतीश अग्रवाल ईश्वर ठाकुर अरुण यादव आलोक मिश्रा गौरी भृगु मोहन केशरवानी दिवाकर मिश्रा,अय्यूब बढ़िया अभिनव यदु मनमोहन कुर्रे चंद्रकांत खुटे आकिब मेमन मोहन निषाद वैभव केशरवानी अफ़्ज़ल चौहान गिरिराज चावड़ा आमन भाटी आदि मौजूद रहे।

# नई पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य के लिए पौधे लगाना बहुत जरूरी : राजस्व मंत्री

■ टंकराम वर्मा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत लगाया आम का पौधा



**बलौदाबाजार, 22 जुलाई।** प्रदेश भर में एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 के तहत व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में वन विभाग द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल चांपा में वन महोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। उन्होंने अपने स्कूल परिसर में आम का पौधा लगाया। श्री वर्मा ने विद्यालयीन छात्र-छात्राओं और ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए वृक्षारोपण बहुत जरूरी है। कार्यक्रम में वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने बताया कि अभियान के तहत जिले भर में लगभग 6 लाख पौधे लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार अशोक जैन, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, ग्रामवासी एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# एक पेड़ मां के नाम पर स्कूल में सभी ने लगाए 100 पौधे



**तिल्दा नेवरा, 22 जुलाई।** नारायण दास बगड़िया पूर्व माध्यमिक शाला नेवरा में वृहद वृक्षारोपण खुशी हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर मोहनानी शिक्षासभापति न.पा. रानीसौरभ जैन, पार्षद श्रीमती ज्योति नागवानी, वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र शर्मा, संकुल श्रोत समन्वयक संतोष शर्मा, संकुल प्राचार्य राजेश चंदानी, प्रधानपाठक विरेंद्र टंडन, एवं विद्यालय की शिक्षिकाएं, पालकगण एवं विद्यालयीन छात्र - छात्राएं द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर सामूहिक रूप के वृक्षारोपण किया। जिसमें कुल 100 पेड़ लगाएं। इस अवसर पर डॉक्टर मोहनानी ने अपने उद्बोधन में कहा ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं जिससे हमारा प्रकृति हर भरा और प्राकृतिक रूप से सुंदर हो सकें। संकुल समन्वयक, संकुल प्राचार्य एवं प्रधानपाठक ने बताया कि शासन द्वारा 8000 पौधें तिल्दा परिक्षेत्र के लिए प्रदान किया गया है।

# पीएम सूर्य घर योजना बनी आम लोगों के लिए वरदान



**बलौदाबाजार, 22 जुलाई।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए वरदान साबित हो रही है। बलौदाबाजार शहर के सदर रोड निवासी राजेश केशरवानी ने इस योजना का लाभ उठाकर अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया है।अब उन्हें बिजली का बिल नहीं भरना पड़ता। श्री केशरवानी ने बताया कि इस योजना की जानकारी उन्हें सोशल मीडिया और समाचार पत्रों से प्राप्त हुई, जिसके बाद उन्होंने बिजली विभाग से संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन लिया। आवेदन की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और सरल है, जिसे उन्होंने बिना किसी कठिनाई के पूरा किया। श्री केशरवानी को सोलर सिस्टम स्थापना पर 78,000 की सब्सिडी प्राप्त हुई। पिछले छह महीनों से यह प्रणाली बिना किसी रुकावट के कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि पहले उन्हें हर महीने 2000 से 2500 तक का बिजली बिल भरना पड़ता था, लेकिन अब उनका बिजली बिल लगभग शून्य हो गया है। उन्होंने कहा कि यह योजना सिर्फ आर्थिक रूप से ही नहीं, बल्कि पर्यावरण की दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे भी इस योजना का लाभ उठाकर न केवल बिजली की बचत करें, बल्कि हर महीने की आय में भी सकारात्मक योगदान प्राप्त करें। श्री केशरवानी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना आमजन के जीवन में सच्चे अर्थों में बदलाव ला रही है और देश को ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रही है।

# निर्माण कार्य में रखें गुणवत्ता का ध्यान:आयुक्त

## तकनीकी अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा भी की



**राजनांदगांव, 22 जुलाई।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा आज तकनीकि अधिकारियों की बैठक लेकर निर्माण कार्यो की समीक्षा की और गुणवत्ताहीन कार्य पर नराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण कार्यो की प्रतिदिन मानिटरिंग करने तथा अप्रारंभ कार्य तत्काल चालू कराने के निर्देश दिए।

बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि निर्माण कार्यो में कही कही गुणवत्ताहीन कार्य देखने को मिल रहा है, जिससे नगर निगम की छवि खराब हो रही है। सभी अधिकारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में चल रहे निर्माण कार्यो की प्रतिदिन मानिटरिंग करे और गुणवत्ताहीन कार्य पर ठेकेदार को नोटिस जारी कर ठीक कार्य करावे। खराब डामरीकरण के लिये कहा कि डामरीकरण की जॉच कर संबंधित ठेकेदार से पीचिंग मटेरियल से मरम्मत करावे तथ बारिश के बाद रोड को ठीक करावे, सही रोड होने के पश्चात ही शेष राशि का भुगतान करें। उन्होंने सभी निर्माण कार्य जिनकी निविदा हो चुकी है, उसे प्रारंभ कराने तथा भूमिपूजन हुए कार्य तत्काल प्रारंभ कराने कहा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने गर्मी में बहुत से सीमेंट रोड निर्माण कार्य जो पेंडिंग थे, उसके बारे में सभी उप अभियंताओ से जानकारी लेकर चालू कराने कहा, ताकि बरसात में सीमेंट रोड मजबूती से बन सके। उन्होंने कहा कि जिन ठेकेदारो के द्वारा कार्य प्रारंभ नही किया गया है, उन्हे नोटिस जारी करे, नोटिस उपरांत भी चालू नही करने पर कार्य निरस्त कर पुनः निविदा की कार्यवाही करे।

उन्होंने सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय मरम्मत कार्य की उप अभियंताओं से प्रगति की जानकारी लेकर कहा कि शौचालय मरम्मत के शेष कार्य जल्द पूर्ण करावें तथा जो कार्य बंद है उसे नोटिस देकर चालू करावे।

## जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने किया पौधरोपण

**बालोद, 22 जुलाई।** जिला प्रशासन द्वारा आज आयोजित वृहद वृक्षारोपण सह वनमहोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर सहित सोशल मीडिया समन्वयक तनवीर खान, कृष्णशरण साहू, राजेन्द्र कुमार, घनश्याम चन्द्राकर, हुलेश रजक, सुरेन्द्र साहू सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में अपने माँ के नाम पर एक-एक पौधे का रोपण किया।

इस अवसर पर सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने पौधरोपण कर रोपे गए पौधे का समुचित देखभाल एवं सुरक्षा करने का संकल्प भी लिया।

# मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम आता रहूंगा : बघेल



**रायपुर,22 जुलाई।** ग्राम गोमची (नंदनवन के पास) स्थित मां गोदावरी आनंद वृद्धाश्रम में सेवा का अनुपम उदाहरण देखने को मिला, जहां सांसद विजय बघेल अपनी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल के साथ पहुंचे। वृद्धजनों से आत्मीयता से मुलाकात की, उनके हालचाल जाने और अपने हाथों से उन्हें प्रेमपूर्वक भोजन परोसा और उनके साथ बैठकर भोजन भी किया।

यह वृद्धाश्रम गोदावरी सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित है, जिसकी संचालिका कल्पना योगेश तिवारी जी हैं। आश्रम में गोदावरी सेवा टर्स्ट और हीरा सीएसआर फाउंडेशन के सहयोग से निःशुल्क आवास, भोजन, दवाई, वस्त्र आदि की संपूर्ण व्यवस्था की जाती है। वर्तमान में यहाँ 35 महिलाएं और 42 पुरुष निवासरत हैं, जिनकी सेवा के लिए 35 कर्मचारी 24 घंटे समर्पित रहते हैं। किसी भी आपात स्थिति में सियस हॉस्पिटल, रायपुर में निःशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध है।

यहां सिर्फ छत्तीसगढ़ से ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों से भी वृद्धजन रहते हैं। उनके मनोरंजन हेतु हर कमरे में टीवी और खेल सामग्री की भी व्यवस्था है। सांसद श्री बघेल से मिलकर वृद्धजनों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई। कुछ ने भावुक होकर अपनी व्यथा सुनाई–कभी हमारा भी परिवार था, अच्छे दिन थे, पर आज अपने ही बच्चों ने ठुकरा दिया।÷ उन्होंने वृद्धाश्रम को ही अब अपना घर मान लिया है। कल्पना योगेश तिवारी ने अपने माता-पिता की स्मृति में वृद्धाश्रम की शुरुआत की है डॉ खुबचंद बघेल जी की 125 वी जयंती के अवसर पर सांसद विजय बघेल उनकी धर्मपत्नी रजनी बघेल ने वृद्धा आश्रम में भोजन की व्यवस्था की है।

विजय बघेल जी ने भावुक होकर कहा, मैं आप सबका बेटा बनकर हमेशा आपसे मिलने आता रहूंगा। आप अकेले नहीं हैं। उन्होंने बुजुर्गों के आंसू पोंछकर उनके दिल में अपनत्व और सम्मान का भाव फिर से जगाया। यह आयोजन न सिर्फ सेवा की मिसाल बना, बल्कि मानवीय संवेदनाओं की सुंदर तस्वीर भी प्रस्तुत की।

# न्यायिक कर्मचारियों के आवास परिसर का वर्चुअल उद्घाटन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला, 22 जुलाई।** अंबागढ़ चौकी में न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय परिसर का भूमि पूजन न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण और परिवर्तनकारी प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है, जैसा कि मुख्य न्यायाधिपति श्री रमेश सिन्हा ने कहा । दिनांक 21.07.2025 को मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा, छ.ग. उच्च न्यायालय, ने छत्तीसगढ़ के सुदूर पहाड़ी वनाचंल क्षेत्र अंबागढ़ चौकी में न्यायिक कर्मचारियों के आवासीय परिसर का निर्माण कराये जाने के लिए भूमि पूजन किया।

इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा ने यह सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रतिबद्धता व्यक्त की कि न्याय केवल एक अमूर्त आर्दश नही है, बल्कि एक व्यावहारिक वास्विकता है, जो छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के सभी नागरिकों के लिए सुलभ बनायी जा रही है। इस अवसर पर राजनांदगांव जिले के न्यायाधीशगण, जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक, अधिवक्ता संघ, राजनांदगांव एवं अधिवक्ता संघ अंबागढ़ चौकी, डोंगरगढ़, खैरागढ़-गंडई-छुईखदान के सदस्य तथा बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे ।

## संपादकीय

# नक्सली बैकफुट पर हैं

बस्तर में नक्सलवाद आखिरी सांस ले रहा है, उसके बड़े नेताओं के मारे जाने, नक्सलियों के सरेंडर करने, नक्सलियों को गिरफ्तार किए जाने से नक्सलियों का संगठन पहले की तुलना में बहुत ही कमजोर हो गया है। नक्सली बैकफुट हैं। नक्सली जब भी कमजोर होते हैं तो सरकार से युध्दविराम की बात करते हैं।वह बड़े व योजना बनाकर हमले नहीं कर पाते हैं लेकिन अपने आतंक को बनाए रखने के लिए, अपनी उपस्थिति को बताने के लिए वह अचानक किसी गांव में जाकर बेगुनाह ग्रामीणों की बड़ी क्रूरता से हत्या करते हैं। बेगुनाह ग्रामीणों को मारने का कोई बहाना चाहिए इसलिए वह प्रचारित करते हैं, वह पुलिस की मुखबिरी कर रहा था इसलिए उसकी हत्या कर दी गई है। पिछले कुछ महीनों में पुलिस व सुरक्षा बल के जवानों ने कई बड़े आपरेशन चलाकर नक्सलियों के कई बड़े नेताओं को मारा है,नक्सली अगर मजबूत होते तो वह भी योजना बनाकर पुलिस व सुरक्षा बल को बड़ा नुकसान पहुंचाने की कोशिश जरूर करते। बस्तर में सुरक्षा कैंप बड़ी संख्या में खुल जाने के कारण उनकी बड़ी गतिविधियां जैसे बड़ी संख्या में नक्सलियों का एक जगह से दूसरी जगह जाना बंद हो गया है, वह न संगठन में भर्ती कर पा रहे हैं, न लोगों को प्रशिक्षण दे पा रहे हैं। इससे उनका आंतक गांवों में खत्म होता जा रहा है, कई गांव आतंकमुक्त हो गए हैं। इससे नक्सली अपने खत्म होते आतंक को बनाए रखने के लिए अचानक किसी गांव में पहुंचकर बेगुनाह ग्रामीणों की हत्या कर फरार हो जाते हैं। बीते एक महीने में नक्सलियों ने अपने आतंक को बनाए रखने के लिए 6 बेगुनाह ग्रामीणों की हत्या कर दी है। नक्सलियों ने हाल ही में बीजापुर जिले के छुटवई,तर्रेम में दो ग्रामीणों की हत्या कर दी।दोनों ग्रामीणों के शव के पास मिले पर्चे में गया है कि दोनों पुलिस के मुखबिर थे। नक्सलियों के जो मुखबिर होते हैं वह पुलिस को नक्सलियों की सूचना देने वाले होते है यानी नक्सली जानते हैं, उनका खौफ खत्म होता है तो ही पुलिस को उनकी सूचना मिलती है,उनकी सूचना गांवों से न मिले इसके लिए वह आए दिन किसी न किसी गांव में बेगुनाह ग्रामीणों की हत्या करत रहते हैं, आतंक फैलाते रहते हैं।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। दांपत्य जीवन में खुशियां रहेगी। संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। आप कहीं वेकेशन पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं, लेकिन आप किसी को धन उधार देने से बचें, क्योंकि आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है। कारोबार में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आपकी सुख-समृद्धि बढ़ेगी। आप किसी नए घर के लिए यदि कोई लोन अप्लाई कर रहे थे, तो वह भी आपको मिल सकता है।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए किसी निवेश को करने के लिए रहेगा। आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। प्रॉपर्टी को लेकर यदि कोई काम अटका हुआ था, तो वह भी शुरू हो सकता है। आपको कोई पुराना मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्थ होंगे। आपका कोई सहयोगी आपको परेशान करने की कोशिश करेगा। आप अपने कामों को कल पर टालने से बचें। यदि आपको कोई शारीरिक समस्या चल रही है, तो उसके लिए आपको कुछ अच्छे डॉक्टर से सलाह मशवरा लेना होगा।

**मिथुन** आज आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आप अपनी पारिवारिक समस्याओं को भी आसानी से हल कर सकेंगे। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ सकती है। आपके धनधान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपका सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा और आप अपने परिवार के सदस्यों की आवश्यकताओं की पूर्ति भी आसानी से कर सकेंगे। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। वैवाहिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेगी। आप लोगों से काम से काम मतलब रखें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। तकनीकी क्षेत्रों में आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपको अपने आसपास रह रहे लोगों से थोड़ा सावधान रहने की आवश्यकता है। नौकरी में आपको किसी बड़े पद की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपने ज्ञान को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर मिल सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में आपसी सामंजस्यता बनी रहेगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपके धनधान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपनी जिम्मेदारियां किसी दूसरे पर ना डालें।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है, जिनसे आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है। माताजी का कोई पुराना रोग उभरने से आप परेशान रहेंगे। आपकी किसी बात को लेकर आप जीवनसाथी और आपके बीच कहासुनी होने की संभावना थी। आपका कोई काम लंबे समय से अटका हुआ था, तो वह भी पूरा हो सकता है। संतान आपकी उम्मीदों पर खड़ी उतरेगी।

**तुला** आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप किसी पार्टी आदि को करने की योजना बना सकते हैं। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु यदि खो गई थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। दान-धर्म के कार्यों में आपकी काफी रुचि रहेगी और आप जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आएंगे। आप अपने खर्चो को लेकर थोड़ा समझदारी से चलें, नहीं तो आने वाले समय में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए इनकम के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आप अपनी इनकम बढ़ाने से काफी खुश होंगे। पैतृक संपत्ति को लेकर कोई वाद-विवाद भी छिड़ सकता है, जिसमें आप बड़ी सदस्यों की राय के बिना कोई निर्णय सावधान रह कर लें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उनकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**धनु** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने करियर में सुधार लाने की कोशिश करेंगे। आप किसी दूसरी नौकरी के लिए अप्लाई कर सकते हैं, लेकिन आपको अपने कामों को लेकर थोड़ा धैर्य व संयम बनाए रखना होगा। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आप कोई लेनदेन सोच समझकर करें।

**मकर** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आज आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आप इधर-उधर बैठकर खाली समय व्यतीत ना करें। काम को लेकर आप पिताजी से कोई सलाह ले सकते हैं। आपको बेवजह की भागदौड़ अधिक रहेगी, क्योंकि आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे। आपको अपने पारिवारिक मामलों को लेकर लापरवाही करने से बचना होगा। संतान की पढ़ाई-लिखाई में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए उनके गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं।


**कुंभ** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपने बिजनेस में छुटपुट लाभ की योजनाओं पर पूरा ध्यान देंगे। आप अपने कीमती सामानों का पूरा ध्यान दें, क्योंकि उनके चोरी होने का भय बना हुआ है। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आप पार्टनरशिप में कोई काम करने की शुरुआत कर सकते हैं। प्रॉपर्टी को लेकर कोई बड़ी डील अटकी हुई थी, तो वह भी फाइनल हो सकती है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे, जिनसे आपको खुशी होगी और आप अपने काम आसानी से पूरे कर सकेंगे।

**मीन** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपका परिवार के सदस्यों में समानता बनाकर चलेंगे और अपनी सुख-सुविधाओं की चीजों पर भी अच्छा खासा धन खर्चा करेंगे। आपके धन प्राप्ति के मार्ग खुलेंगे। भाइयों से आप काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपको किसी प्रकार का कोई जोखिम लेने से बचना होगा। माताजी की सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से आपको थोड़ी टेंशन हो सकती है। आपको नौकरी से संबंधित किसी काम को लेकर कहीं बाहर जाना पड़ सकता है।

## राजनीति

# तेल पर चलेगा अमेरिका का डंडा या भारत की कूटनीति?


**अजय कुमार, वरिष्ठ पत्रकार**



रूस-यूक्रेन युद्ध को तीन साल होने को हैं, लेकिन खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। अब ये सिर्फ यूरोप के दो देशों की जंग नहीं रही, बल्कि एक ऐसा शतरंज बन गई है जिसमें अमेरिका, नाटो, चीन और भारत जैसे बड़े खिलाड़ी भी अपनी-अपनी चाल चल रहे हैं। ताजा हालात में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और नाटो के महासचिव मार्क रुटे ने जिस तरह भारत समेत कई देशों को धमकाया है, उसने नई बहस छेड़ दी है कि क्या भारत अब भी रूस से सस्ता तेल खरीद पाएगा या नहीं। सबसे पहले अमेरिका का प्लान समझिए। अमेरिका में एक नया बिल 'सैंक्शनिंग रशिया एक्ट ऑफ 2025' लाया गया है, जिसके तहत जो देश रूस से तेल, गैस या यूरेनियम खरीदते रहेंगे, उन पर अमेरिका में अपने सामान के निर्यात पर 500% तक का टैक्स लगाया जाएगा। मतलब साफ है रूस से तेल लो और अमेरिका को अपने सामान मत बेचो। ये सीधी धमकी भारत जैसे देशों को दी गई है, जो अब भी रूस से कच्चा तेल खरीद रहे हैं। भारत के लिए यह कोई छोटी बात नहीं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है। 2021 में भारत रूस से अपनी जरूरत का सिर्फ 1% तेल लेता था, लेकिन यूक्रेन युद्ध शुरू होते ही रूस ने एशियाई देशों को सस्ता तेल ऑफर किया और भारत ने इसका फायदा उठाया। आज भारत अपनी जरूरत का करीब 35% तेल रूस से ले रहा है। इससे भारत को सीधे दो फायदे हुए पेट्रोल-डीजल की कीमत काबू में रहीं और डॉलर में भुगतान की वजह से विदेशी मुद्रा भंडार पर भी ज्यादा दबाव नहीं पड़ा।लेकिन अब अमेरिका कह रहा है कि या तो रूस से दूरी बना लो या फिर भारी सेकंडरी टैरिफ झेलो। ट्रंप ने रूस को 50 दिन का अल्टीमेटम दिया है कि अगर पुतिन ने युद्ध नहीं रोका तो न सिर्फ रूस बल्कि उसके दोस्तों पर भी सजा बरसेगी। नाटो चीफ मार्क रुटे ने तो दिल्ली, बीजिंग और ब्राजीलिया को सीधा नाम लेकर चेतावनी दे दी अगर पुतिन को नहीं मनाओगे तो ये झटका सीधे तुम पर पड़ेगा। अब सवाल है क्या भारत डर जाएगा? अभी तक के संकेत तो यही बताते हैं कि भारत फिलहाल कोई जल्दीबाज़ी में फैसला नहीं लेने वाला। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने साफ कहा कि भारत किसी एक देश के कहने पर अपनी एनर्जी पॉलिसी नहीं बदलेगा पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी ने भी अमेरिका को करारा जवाब दिया अगर भारत रूस से सस्ता तेल नहीं खरीदता तो पूरी दुनिया में तेल की कीमतें 120-130 डॉलर प्रति बैरल पहुंच जातीं, जिससे यूरोप और अमेरिका की जनता भी महंगाई से कराह उठती।पुरी की इस बात में दम है, क्योंकि रूस दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादक देश है। अगर उसे ग्लोबल मार्केट से हटा दिया जाए तो सप्लाई में करीब 10% की कमी आ जाएगी। इसका मतलब पेट्रोल-डीजल इतना महंगा होगा कि भारत से लेकर यूरोप-अमेरिका तक आम आदमी परेशान हो जाएगा। अब अमेरिका का प्लान सिर्फ रूस की कमर तोड़ना नहीं है। असली मकसद यह भी है कि भारत, चीन और ब्राजील जैसे बड़े ग्राहक रूस से दूर हो जाएं ताकि पुतिन पर दबाव पड़े। लेकिन ये इतना आसान नहीं है। भारत ने रूस के अलावा मिडिल ईस्ट के देशों से भी डील कर रखी है, ताकि अगर कभी रूस से सप्लाई रोकी जाए तो सऊदी अरब, यूएई जैसे देश तुरंत तेल की कमी पूरी कर सकें। पर इसमें दिक्कत ये है कि रूस का तेल बाकी सप्लायर्स से काफी सस्ता है। अगर भारत रूस से तेल लेना बंद करेगा तो उसकी जेब पर सीधा असर पड़ेगा। महंगाई बढ़ेगी, ट्रांसपोर्ट महंगा होगा, और आम आदमी की कमर टूटेगी।भारत के लिए दूसरी चुनौती उसके निर्यात को लेकर है। अमेरिका भारत के लिए सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। फार्मा, टेक्सटाइल, आईटी, ऑटो पार्ट्स इन सबका बड़ा हिस्सा अमेरिका जाता है। अगर अमेरिका 500% टैक्स लगा देगा तो भारत के सामान की कीमत इतनी बढ़ जाएगी कि अमेरिकी कंपनियां और ग्राहक उसे खरीदना छोड़ देंगे। इससे करोड़ों लोगों की नौकरियां और देश की कमाई दोनों पर असर पड़ेगा। अब ये भी देखिए कि ट्रंप इस बिल को क्यों आगे बढ़ा रहे हैं। दरअसल ट्रंप चाहते हैं कि रूस को दबाव में लाकर पुतिन को युद्धविराम पर मजबूर करें। इसके लिए वो भारत जैसे देशों को गले से पकड़ना चाहते हैं। लेकिन ट्रंप भी जानते हैं कि भारत को पूरी तरह मजबूर करना आसान नहीं है। क्योंकि भारत को अगर ज्यादा दबाया गया तो वो चीन या रूस के और करीब जा सकता है। इससे अमेरिका की इंडो-पैसिफिक रणनीति को बड़ा झटका लगेगा। अमेरिका एशिया में चीन को रोकने के लिए भारत को अहम साझेदार मानता है। ऐसे में भारत को नाराज़ करना खुद अमेरिका के लिए घाटे का सौदा हो सकता है।इधर भारत भी चुपचाप नहीं बैठा है। मोदी सरकार पहले ही सऊदी अरब, यूएई और ब्राजील से अतिरिक्त सप्लाई पर बातचीत कर रही है। अगर कभी रूस से सप्लाई कम भी करनी पड़ी तो भारत के पास बैकअप प्लान रहेगा। लेकिन ये बैकअप प्लान भी महंगा पड़ेगा। क्योंकि मिडिल ईस्ट के देशों का तेल रूस जितना सस्ता नहीं है। विशेषज्ञ मानते हैं कि भारत शायद सीधे तौर पर रूस से हाथ नहीं खींचेगा, लेकिन रूस पर अपनी निर्भरता थोड़ा घटा सकता है। मिडिल ईस्ट से थोड़ा ज्यादा तेल लेकर अमेरिका को यह दिखा सकता है कि उसने दबाव में कुछ 'संतुलन' किया है। लेकिन पूरी तरह रूस से दूरी फिलहाल नामुमकिन लगती है।रूस भी अपनी चालें चल रहा है। पुतिन ने साफ कर दिया है कि वो यूक्रेन में तब तक जंग जारी रखेंगे जब तक पश्चिम उनकी शर्तों पर शांति समझौते के लिए राज़ी नहीं होता। पुतिन जानते हैं कि भारत और चीन जैसे देशों के रहते उन पर लगाए गए पश्चिमी प्रतिबंध पूरी तरह असर नहीं दिखा पाएंगे। यही वजह है कि रूस अब एशियाई बाजारों पर ज्यादा ध्यान दे रहा है और तेल-गैस के अलावा कोयला, खाद्यान्न और यूरेनियम के सौदे भी इन्हीं देशों के साथ कर रहा है। अब सवाल अगले 50 दिन में क्या होगा? क्या रूस युद्ध रोक देगा? क्या भारत को सच में 500% सेकंडरी टैरिफ झेलना पड़ेगा? या अमेरिका दबाव डालने के बाद पीछे हट जाएगा? फिलहाल ज्यादातर जानकार मानते हैं कि अमेरिका धमकी देकर सौदेबाज़ी करेगा। ट्रंप का मकसद यही है कि उसे राष्ट्रपति के हाथ में पूरा कंट्रोल मिले कि कब टैरिफ लगाना है और कब छूट देनी है। इससे वो भारत जैसे देशों को बातचीत की टेबल पर लाकर अपनी शर्तें मनवा सके।भारत के लिए यह वक्त बड़ा सावधानी से कदम उठाने का है। उसे एक तरफ रूस से सस्ता तेल चाहिए, ताकि महंगाई काबू में रहे, दूसरी तरफ अमेरिका से दोस्ती भी चाहिए ताकि निर्यात और रक्षा साझेदारी पर असर न पड़े। ऐसे में मोदी सरकार की कूटनीति अब असली अग्निपरीक्षा में है।एक बात साफ है इस बार लड़ाई सिर्फ टैंक और मिसाइलों से नहीं लड़ी जा रही, असली जंग तेल और गैस पर है। दुनिया देख रही है कि भारत जैसे देश इस जंग में किसे चुनते हैं सस्ती ऊर्जा या अमेरिकी बाजार। फिलहाल भारत ने इशारा दे दिया है कि उसका झुकाव अपनी जनता की भलाई की तरफ ही रहेगा। बाकी दुनिया को तय करना है कि वो इसे कैसे देखती है।

# माइटोकॉन्ड्रियल दान उपचार: ब्रिटेन का चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार

**सुनील कुमार महला**



हाल ही में ब्रिटेन ने चिकित्सा जगत में एक बड़ी सफलता हासिल की है। ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने तीन लोगों के डीएनए से आ ई वी ए फ तकनीक से बच्चे पैदा किए हैं।इस तकनीक को 'तीन-माता-पिता के बच्चे' कहा जाता है, क्योंकि बच्चे का 99.9% डीएनए मां-पिता से और 0.1% दानकर्ता से आता है।दरअसल, माइटोकॉन्ड्रियल दान उपचार का उपयोग करके हाल ही में ब्रिटेन में आठ बच्चों का जन्म हुआ है, जिसमें मां के अंडे में दोषपूर्ण माइटोकॉन्ड्रिया को प्रतिस्थापित किया जाता है। पाठकों को बताता चलूं कि अब तक दुनिया में दो डीएनए के मिलने से एक बच्चे का जन्म होता है, लेकिन अब तीन डीएनए के संयोग से एक बच्चे को पैदा करने का प्रयास साकार हो गया है। इसे चिकित्सा जगत में एक क्रांति के रूप में देखा जा रहा है। ब्रिटेन के चिकित्सा जगत में इस नये प्रयोग से लाइलाज आनुवंशिक रोग होने की आशंका वाले माता-पिता को फायदा मिल सकेगा। जानकारी के अनुसार इस अभूतपूर्व प्रजनन तकनीक का परिणाम है, जिसे वंशानुगत आनुवंशिक रोगों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि माइटोकॉन्ड्रियल डोनेशन ट्रीटमेंट (एमडीटी) नामक इस विधि में, माँ के अंडे में मौजूद दोषपूर्ण माइटोकॉन्ड्रिया को बदलने के लिए डोनर से प्राप्त स्वस्थ माइटोकॉन्ड्रिया का उपयोग किया जाता है, जिससे माइटोकॉन्ड्रियल दोषों से जुड़ी गंभीर और अक्सर घातक स्थितियों को रोका जा सकता है। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है ब्रिटेन की इस तकनीक की मदद से अब तीन डीएनए की मदद से एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया जा सकता है।अब तक, लाइलाज आनुवंशिक रोगों से ग्रसित माता-पिता को यह आशंकाएं रहतीं थीं कि कहीं उनका बच्चा(जन्म लेने वाला) भी उनकी तरह किसी आनुवंशिक रोग से ग्रस्त न हो जाए। अब इस तकनीक के आने के बाद जन्म लेने वाला बच्चा तमाम तरह के लाइलाज आनुवंशिक रोगों से मुक्त रहेगा।इस आईवीएफ (इन विट्रो फर्टिलाइजेशन) तकनीक की अच्छी बात यह है कि ऐसे आठ बच्चे पैदा हुए हैं, जिनमें माइटोकॉन्ड्रिया संबंधी वंशानुगत रोगों के लक्षण नहीं दिखे हैं। सरल शब्दों में कहें तो यह तकनीक मां के खराब माइटोकॉन्ड्रिया को स्वस्थ दानकर्ता के माइटोकॉन्ड्रिया से बदलती है। इस प्रक्रिया की बात करें तो इसमें पहले मां के अंडे को पिता के शुक्राणु से निषेचित किया जाता है।फिर निषेचित अंडे के नाभिक (मां और पिता का डीएनए) को निकाल लिया जाता है।इसे एक दानकर्ता के निषेचित अंडे में डाला जाता है, जिसका नाभिक पहले हटा दिया गया होता है। अब यह अंडा स्वस्थ माइटोकॉन्ड्रिया और मां-पिता के डीएनए के साथ विकसित होने लगता है और इस तरह खराब माइटोकॉन्ड्रियल डीएनए को स्वस्थ डीएनए से बदल दिया जाता है। हालांकि, यह बात अलग है कि ब्रिटेन के इस नवाचार(डीएनए से छेड़छाड़)को लेकर नैतिकता के प्रश्न भी खड़े हो गए हैं, क्यों कि इस तकनीक से अब बच्चे के तीन माता-पिता होंगे। आलोचकों का इस संबंध में यह कहना है कि ब्रिटेन की इस तकनीक व नवाचार से आने वाले समय में दुनिया में 'डिजायनर बेबी' का चलन बढ़ जाएगा, लेकिन यह भी एक कड़वा सच है कि इससे लाखों बच्चों की जान भी बच सकेगी। विज्ञान के लोग यह बात जानते होंगे कि माइटोकॉन्ड्रिया कोशिकाओं में ऊर्जा उत्पन्न करने वाली सूक्ष्म संरचनाएँ होती हैं और जब ये सूक्ष्म संरचनाएं ठीक से काम नहीं करतीं हैं, तो ये मस्तिष्क, मांसपेशियों, हृदय और अन्य अंगों को प्रभावित करने वाली गंभीर स्थितियाँ पैदा कर सकती हैं। आंकड़े बताते हैं कि हर 5,000 में एक शिशु माइटोकॉन्ड्रिया से जुड़ी बीमारी से ग्रसित होता है। निस्संदेह, माइटोकॉन्ड्रिया मनुष्य की हर कोशिका(सैल) में मौजूद रहता है और हमारे जीवित रहने का मुख्य आधार भी माना जाता है, क्योंकि यह ऑक्सीजन का उपयोग करके हमारे शरीर को जरूरी ऊर्जा मुहैया कराता है और शायद यही कारण भी है कि इसे(माइटोकांड्रिया को) 'कोशिका का पावरहाउस' भी कहा जाता है। कोशिका के पावरहाउस कहलाने वाले माइटोकांड्रिया में यदि दोष हो तो हमें जीवन जीने के लिए वास्तव में जितनी ऊर्जा की जरूरत होती है, उतनी ऊर्जा हमें नहीं मिल पाती है और इसका नतीजा यह होता है कि इससे विकास संबंधी देरी,सुनने की हानि, दौरे, स्ट्रोक, मांसपेशियों में कमजोरी और दर्द, कार्डियोमायोपैथी, मधुमेह और यकृत और गुर्दे की शिथिलता जैसी बीमारियां जन्म लें सकतीं हैं। और यही वजह भी है कि ऐसी बीमारियों से ग्रसित कई बच्चे असमय ही काल के शिकार बन जाते हैं। बहरहाल, यहां पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 2015 में ब्रिटेन पहला देश बना था, जिसने इस माइटोकॉन्ड्रियल दान उपचार को मानव पर शोध के लिए वैध किया था, लेकिन उसी साल अमेरिका ने इसे प्रतिबंधित कर दिया था, क्योंकि यह वंशानुगत आनुवंशिक संशोधन माना गया। हाल फिलहाल,जो भी हो वैज्ञानिक ब्रिटेन की इस तकनीक को आने वाले समय में आईवीएफ प्रक्रिया में एक नई क्रांति, एक बड़ा नवाचार मान रहे हैं।बेशक, ब्रिटेन की यह नयी तकनीक अनेक जानलेवा बीमारियों को ठीक करने में मददगार है, लेकिन नैतिक मूल्यों की चिंता करने वालों को यह डर है कि इससे मनचाहे गुणों वाले बच्चों जैसे कि तेज़ दिमाग़, तेज समझ, खास आंखें,बाल , नैन-नक्श वाले बच्चों को जन्म देने की मानसिकता समाज में पनप सकती है। बहरहाल, पाठकों को बताता चलूं कि इस तकनीक से पहले मानव क्लोनिंग भी नैतिकता के रूप में एक बहुत ही जटिल और विवादास्पद मुद्दा रहा है। कुछ लोग इसे चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में क्रांति लाने और विभिन्न बीमारियों के इलाज में मदद करने की क्षमता के रूप में देखते रहें हैं, जबकि अन्य इसे नैतिक और सामाजिक रूप से अस्वीकार्य मानते रहें हैं। अब ब्रिटेन के इस नवाचार के बाद भी ऐसे लोगों की संख्या भी कम नहीं है, जो लाइलाज बीमारियों के उपचार और वैज्ञानिक ज्ञान प्राप्त करने को नैतिक रूप से उचित मानते हैं। अंत में यही कहूंगा कि तकनीक लाइलाज बीमारियों के संदर्भ में अच्छी है, लेकिन इसका प्रयोग बहुत ही सावधानी पूर्वक, सोच-समझकर किया जाना चाहिए। चिकित्सा क्षेत्र में वैज्ञानिक प्रकृति और संभावित लाभ अलग चीज हैं और प्रकृति अलग चीज है। हमें प्रकृति, सृष्टि के नियमों को भी ध्यान में रखकर सावधानीपूर्वक फूंक फूंक कर कदम रखने होंगे। हमें यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि विज्ञान और तकनीक के जहां एक ओर लाभ भी हैं तो हानियां भी तो हैं।

# शारदा नारायणन ने "मिसेज़ क्लासीक ग्लोब – जनता की पसंद" पुरस्कार 2025 जीता

भारत की फैशन बिज़नेसवुमन और समाजसेवी शारदा नारायणन ने अंतरराष्ट्रीय मिसेज़ क्लासीक ग्लोब® – जनता की पसंद (चॉइस ऑफ़ द पीपल) पुरस्कार 2025 जीता। यह पुरस्कार पूरी दुनिया के लोगों द्वारा मतदान (वोटिंग) के बाद दिया गया। यह प्रतियोगिता 21 जून को पाम स्प्रिंग्स, कैलिफ़ोर्निया स्थित वेस्टिन रैंचो मिराज गोल्फ़ रिज़ॉर्ट और स्पा में आयोजित की गई थी। जनता की पसंद पुरस्कार उस प्रतिभागी को मिलता है जिसकी बातों, कहानी और मकसद से लोग सबसे ज़्यादा जुड़ाव महसूस करते हैं। शारदा की सच्चाई, आत्मविश्वास और साफ़ सोच ने उन्हें सभी का फेवरेट बना दिया। "यह ताज केवल एक सजावट नहीं है, यह मेहनत, उद्देश्य और अपनी यात्रा को अपनाने की पहचान है," शारदा नारायणन ने कहा, जो यह



खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। यह इस बात का प्रमाण है कि अगर आप अपने मूल्यों और सपनों से जुड़े रहते हैं, तो जीवन चाहे जैसे मोड़ ले, आप आगे बढ़ ही जाते हैं।"शारदा पहले एक प्राइवेट कंपनी में काम करती थीं, आर्मी अफसर की पत्नी हैं, दो बच्चों की माँ हैं और ऐसे ब्रांड शुरू किए हैं जो किसी अच्छे मकसद से जुड़े हैं। वो कई सालों से महिलाओं की सेहत, आगे बढ़ने और खुद को मजबूत बनाने से जुड़े काम करती रही हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में शामिल प्रतिनिधियों में शारदा को प्रारंभिक चरण में "पारिवारिक मूल्य पुरस्कार (फ़ैमिली वैल्यूज़ अवॉर्ड)" भी मिला। यह सम्मान उन्हें उनके पारिवारिक संतुलन, ईमानदारी और ज़िम्मेदारी की भावना के लिए दिया गया। उन्होंने कहा, "पारिवारिक मूल्यों के लिए पहचाना जाना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं चाहे माँ हूँ, व्यवसायी या मार्गदर्शक, हर भूमिका में मेरी कोशिश यही रहती है कि मैं ताक़त, दया और ईमानदारी की एक मजबूत नींव तैयार कर सकूं। यह पुरस्कार उसी सोच की सराहना है।" इस वैश्विक प्रतियोगिता में 30 से अधिक देशों की महिलाएं शामिल हुईं, जो जीवन के अनुभव, संघर्ष और सेवा भावना का प्रतिनिधित्व करती थीं। शारदा अपनी गरिमा, समाज के प्रति प्रतिबद्धता और सांस्कृतिक जुड़ाव के कारण अलग नज़र आईं। उन्होंने कहा, "दुनिया भर के लोगों द्वारा केवल सुंदरता ही नहीं, मेरे उद्देश्य में विश्वास दिखाते हुए मतदान किया जाना बहुत सम्मान की बात है। यह सिर्फ़ मेरी जीत नहीं है, बल्कि हर उस महिला की जीत है जिसने कभी चुप न रहकर अपनी आवाज़ उठाई और बदलाव लाया। मेरी कहानी हर महिला को याद दिलाए कि खुद को फिर से खड़ा करने या नया सफ़र शुरू करने में कभी देर नहीं होती। शारदा एक फ़ैशन डिज़ाइनर हैं और उनका बुटीक "मेटामॉर्फोसिस" के नाम से जाना जाता है। साथ ही वह "वीर्या ट्रस्ट" नाम की एक सामाजिक संस्था (NGO) की संस्थापक हैं, जो ज़रूरतमंद महिलाओं को प्रशिक्षण और रोज़गार के अवसर देकर सशक्त बनाती है।

# मानसून में हेयर मास्क बनाते समय इन इंग्रीडिएंट्स का ना करें इस्तेमाल

अगर बारिश में आप दही को अपने हेयर मास्क में शामिल कर रही हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि वह बहुत खट्टा या फ्रिज से निकला ठंडा ना हो। बहुत खट्टा या ठंडा दही लगाने से स्कैल्प में डैंड्रफ बढ़ सकता है और सर्दी-जुकाम भी हो सकता है। बारिश के मौसम में आपके बाल अधिक देखभाल मांगते हैं। बारिश की बूंदे जब सीधे हमारे बालों व स्कैल्प के संपर्क में आती है तो इससे बालों में चिपचिपापन, उलझन व डैंड्रफ आदि की शिकायत शुरू हो जाती है। ऐसे में बालों की केयर करने के लिए हम सभी घरेलू उपाय खोजते हैं और तरह-तरह के हेयर मास्क बनाने लग जाते हैं। यकीनन बालों को पैम्पर करने के लिए घर पर मास्क बनाना एक अच्छा आइडिया है। लेकिन इस मास्क को बनाते समय आप किन इंग्रीडिएंट्स का इस्तेमाल करते हैं, यह भी बहुत अधिक मायने रखता है। चूंकि मानसून में हवा में नमी ज़्यादा होती है, जिससे स्कैल्प पहले से ही सेंसिटिव हो जाता है। ऐसे में कई बार जो चीज़ें नॉर्मल दिनों में अच्छी होती हैं, वही इस मौसम में बालों के लिए गलत साबित होती हैं। गलत इंग्रीडिएंट्स का चयन करने से बालों में रूखापन व फंगल इंफेक्शन आदि की शिकायत हो सकती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही इंग्रीडिएंट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको मानसून में हेयर मास्क बनाते समय इस्तेमाल करने से बचना चाहिए-

अगर बारिश में आप दही को अपने हेयर मास्क में शामिल कर रही हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि वह बहुत खट्टा या फ्रिज से निकला ठंडा ना हो। बहुत खट्टा या ठंडा दही लगाने से स्कैल्प में डैंड्रफ बढ़ सकता है और सर्दी-जुकाम भी हो सकता है। साथ ही, बहुत ज़्यादा मात्रा में दही लगाने से बाल चिपचिपे हो जाते हैं जो बारिश के मौसम में और परेशान कर सकता है। इसलिए, हमेशा ताज़ा और रूम टेम्परेचर वाला दही लगाओ और स्कैल्प पर बहुत ज़्यादा दही लगाने से बचें।

**ज़रूरत से ज़्यादा एलोवेरा जेल**-यूं तो एलोवेरा को स्किन और बालों दोनों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। हालांकि, बारिश के नमी वाले मौसम में ज़्यादा लगाने से स्कैल्प में खुजली या बिल्डअप हो सकता है। खासकर अगर आप मार्केट वाला जेल इस्तेमाल कर रही हैं तो इसमें मौजूद कैमिकल्स आपको परेशान कर सकते हैं। इसलिए, हमेशा घर के प्लांट का बिल्कुल नेचुरल वाला एलोवेरा ही यूज़ करो। साथ ही, इसकी मात्रा का भी खास ख्याल रखें।

**कैस्टर ऑयल**-बारिश के दिनों में बालों में कैस्टर ऑयल लगाना बहुत अच्छा नहीं माना जाता है। दरअसल, कैस्टर ऑयल बहुत गाढ़ा और चिपचिपा होता है, जिसे मानसून में धोना बहुत मुश्किल हो जाता है। ऐसे में स्कैल्प पर अवशेष रह जाते हैं जो फंगल इंफेक्शन और खुजली को बढ़ावा देते हैं। बेहतर होगा कि मानसून के दिनों में आप कैस्टर ऑयल की जगह नारियल या बादाम का तेल यूज़ करो.

## सू-दोकू 117

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.116 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |

## एक नजर

### 7 दिनों में यात्री ट्रेनों का संचालन नहीं होने पर कांग्रेस रोकेगी मालगाड़ी : सुशील



**जगदलपुर, 22 जुलाई।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जगदलपुर बस्तर में बंद हुई यात्री ट्रेन सेवा को भाजपा के बस्तर सांसद महेश कश्यप और स्थानीय विधायक व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किरण देव की निष्क्रियता का परिचायक बताया है। श्री मौर्य ने कहा बस्तर को ओडिशा, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश से जोड़ने वाली करीब 10 ट्रेनें को पूर्ण रूप से रद्द कर दी गई है। रेलवे के मुताबिक, ये सभी ट्रेनें ओडिशा के कोरापुट तक आएगी और वहीं से लौट जाएगी। मतलब अगर किसी बस्तरवासी को उड़ीसा सहित कही अन्य जगह जाना है तो पहले कोरापुट जाना पड़ेगा जो कि बस्तर वासियों के साथ सरासर धोखा है। श्री मौर्य ने आगे कहा किरंदुल से जयपुर तक ही स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है. इसके अलावा आगे कोई भी ट्रेन नहीं चल रही है. सभी ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं किंतु इस रूट पर मालगाड़ियों का संचालन बराबर पूरी तरह से जारी है और बस्तर का लोहा ले जाया जा रहा है. उन्होंने कहा- अगर 7 दिन के भीतर रद्द हुई ट्रेनों का संचालन शुरू नहीं होता है तो कांग्रेस पार्टी मालगाड़ी को रोकने का कार्य करेगी!

### नक्सल विरोधी अभियान के नायक फारुख अली डॉक्ट्रेट की उपाधि से सम्मानित



**सुकमा, 22 जुलाई।** सुकमा जिले के नक्सल विरोधी अभियान मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले सामाजिक कार्यकर्ता फ़रूख़ अली को सल्यूट अचीवर्स हॉनरेबल फ़ाउंडेशन द्वारा दिल्ली मे डॉक्ट्रेट उपाधि से सम्मानित किया गया । यह सम्मान फ़रूख़ को नक्सलवाद के ख़िलाफ़ लोगों मे जागरूकता फैलाने और माओवादी गतिविधियों से लोगों को बचाने के उद्देश्य से किए गए उनके साहसी प्रयासों के लिए दिया गया है सम्मान । फ़रूख़ अली लगातार ग्रामीणों मे जागरूकता लाने प्रयासरत हैं । नक्सलियों द्वारा फ़रूख़ को जान से मारने कई बार धमियाँ भी दी गई मगर फ़रूख़ अली न डरे न रुके उन्होंने समाज मे नक्सलवाद के ख़िलाफ़ आवाज़ बुलंद करने अहम भूमिका निभाई ।

### बस्तर ओलंपिक विजेताओं को खाता विवरण में संशोधन कराने की अपील

**सुकमा, 22 जुलाई।** बस्तर ओलंपिक 2024-25 के आयोजन में जिले से चयनित खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया था। कुछ विजेताओं को पुरस्कार राशि नहीं मिल पाई है, जिसका प्रमुख कारण उनके बैंक खाता नंबर में त्रुटि होना बताया जा रहा है। जनपद पंचायत सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिन खिलाड़ियों ने अपने खाते का विवरण भरते समय त्रुटिपूर्ण जानकारी दी थी, उनके खाते में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से विजेता राशि स्थानांतरित नहीं हो सकी है। इस कारण संबंधित खिलाड़ियों को अब तक उनकी पुरस्कार राशि नहीं मिल पाई है। ऐसे सभी खिलाड़ियों से अपील की है, जिन्होंने बस्तर ओलंपिक में पदक जीतने के बावजूद अब तक पुरस्कार राशि प्राप्त नहीं की है, वे शीघ्र जिला खेल अधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट सुकमा या जनपद पंचायत सुकमा कार्यालय में संपर्क करें। वहां वे अपना सही बैंक खाता नंबर एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर खाते में सुधार करवा सकते हैं, जिससे राशि जल्द से जल्द उनके खाते में स्थानांतरित की जा सके। खिलाड़ी जनपद पंचायत कार्यालय या जिला खेल अधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट सुकमा में स्वयं उपस्थित होकर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं ताकि पात्र लाभार्थियों को उनका हक शीघ्र दिलाया जा सके। जनपद पंचायत सुकमा ने सभी संबंधित खिलाड़ियों से सहयोग की अपील की है और समय पर सुधार कराने का आग्रह किया है, जिससे प्रक्रिया में देरी न हो और खिलाड़ियों को उनका प्रोत्साहन शीघ्र प्राप्त हो सके।

### जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर में ई-हियरिंग की सुविधा आरंभ

**जगदलपुर, 22 जुलाई।** जिला उपभोक्ता आयोग जगदलपुर में सोमवार 21 जुलाई को छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चैरड़िया द्वारा वर्चुअल माध्यम से ई-हियरिंग का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति गौतम चैरड़िया ने अपने उद्बोधन में कहा कि ई-हियरिंग के माध्यम से प्रकरणों में शीघ्र सुनवाई हो सकेगी और उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा सकेगा।

## आत्मसमर्पितों की कॉलोनी निर्माण का विरोध तेज

# ग्रामीणों ने ग्रामसभा से एसडीएम को लौटाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 22 जुलाई।** माओवादी हिंसा पीड़ितों व आत्मसमर्पित माओवादियों के परिवारों के लिए गीदम ब्लॉक के झोड़िया बाड़म में प्रस्तावित आवासीय कॉलोनी को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का विरोध तेज हो गया है। इस सिलसिले में ग्रामीणों ने सोमवार को ग्राम पंचायत झोड़िया बाड़म में ग्राम सभा बुलाई थी। ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए प्रशासन की ओर से गीदम एसडीएम विवेक चंद्रा भी दल-बल समेत पहुंचे और ग्रामीणों को समझाईश देने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण किसी भी स्थिति में यहां आवासीय परिसर बनने नहीं देने की बात पर अड़े रहे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने ग्रामीणों की सहमति के बगैर, बिना ग्राम सभा अनुमोदन के ही आवासीय कॉलोनी निर्माण का भूमिपूजन कर दिया। इसका वे पुरजोर विरोध करते हैं। समझाईश के बाद भी ग्रामीणों का विरोध जारी रहने पर एसडीएम व तहसीलदार मौके से लौट गए।

**क्या है मामला?**

माओवादियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रशासन पुनर्वास नीति चला रहा है। जिसके तहत माओवाद छोड़कर सरेंडर करने पर उन्हें अन्य सुविधाओं के साथ आवास भी दिलवाया जाता है। इसी क्रम में झोड़िया बाड़म में ऐसे 38 आवास बनाकर मॉडल के तौर पर विकसित करने की तैयारी है। 2 माह पहले 26 मई को विधायक चैतराम अटामी, कलेक्टर कुणाल दुदावत, एसपी गौरव राय ने इन निर्माण कार्यों का भूमिपूजन झोड़िया बाड़म गांव में चयनित 11 हेक्टेयर भूमि पर किया था, जिसमें बनने वाले इन 38 पक्के मकानों को एक मॉडल क्लस्टर के रूप में विकसित किया जाना प्रस्तावित है। इन मकानों के साथ-साथ आजीविका के साधनों के लिए मुर्गी पालन, बकरी पालन, सूकर पालन एवं सब्जी उत्पादन हेतु अलग से भूमि प्रदान की जाएगी।

**ये सुविधाएं भी मिलेंगी**

तहत जिस दिन कोई व्यक्ति आत्मसमर्पण करता है, उसी दिन से उसे शासन की समस्त योजनाओं का लाभ देने की व्यवस्था की जा रही है। इनमें राशन कार्ड, आधार कार्ड, मनरेगा कार्ड, बस पास, श्रम कार्ड पंजीयन, कौशल विकास, आयुष्मान कार्ड जैसी आवश्यक सुविधाएं शामिल हैं।

## पीएटी उत्तीर्ण दो छात्राओं का विद्यालय में सम्मान

**दोनों स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी विद्यालय गीदम की**



**गीदम, 22 जुलाई।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय गीदम की दो होनहार छात्राओं पूर्णिमा नाग पिता सुदर नाग ने 1309 रैंक एवं अंजली पुजारी पिता उमेश्वर पुजारी ने 594 रैंक लेकर एग्रीकल्चर पीएटी परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। चयन के पश्चात दोनों छात्राओं का कॉलेज अलॉटमेंट भी हो चुका है। इस उपलब्धि पर आज विद्यालय में उनका स्वागत कर पुष्पगुच्छ एव उपहार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एग्रीकल्चर विषय के सभी विद्यार्थियों को उनके अनुभव साझा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उनकी शिक्षिका माधुरी साहू, जो अतिथि शिक्षक के रूप में विद्यालय में कार्यरत हैं, के विशेष कोचिंग एवं निरंतर मार्गदर्शन से ये बच्चे चयनित हुए। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक राकेश कुमार मिश्रा ने भी बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए एग्रीकल्चर क्षेत्र में उपलब्ध कैरियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य कैलाश नीलम, सीता सिंह, मालती नेताम, हरण मनी दुर्गम , रेनू शर्मा, कल्पना अवस्थी, महेन्द्र मंडावी, आरती सिन्हा, स्वेता पटेल, किरण बजपेई माधुरी साहू, सुनील कुमार, आदर्श तिर्की, तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## दक्षिण बस्तर में कमजोर पड़ा मानसून

■ किसान नहीं लगा पा रहे रोपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 22 जुलाई।** दक्षिण बस्तर के अन्नदाता खेती किसानी के काम में पिछड़ गए हैं। सावन महीने में खेतों में दरारें पड़ गई है। जलाभाव के कारण किसान ना रोपा लगा पा रहे हैं, ना ही बिंयासी का काम। खाद-बीज की किल्लत के बाद अब बारिश की कमी किसानों की परेशानी का सबब बन गया है। दंतेवाड़ा जिले के गीदम, कटेकल्याण, दंतेवाड़ा और कुआकोंडा ब्लॉक के 90 फीसदी किसान खेती के लिए प्रकीर्ति पर निर्भर हैं। सिंचाई की सुविधा बमुश्किल 10 फीसदी किसानों के पास ही है। 11 जुलाई से श्रावण मास शुरू हो गया है, लेकिन इलाके में कहीं- कहीं पर हल्की बूंदाबांदी को छोड़कर बारिश नहीं हो रही है। इस साल किसान भाईयों के लिए खरीफ सीजन की शुरुआत से ही प्रतिकूल परिस्थिति का सामना करना पड़ रहा है। नवतपा के समय से बारिश शुरू हुई। यह दौर आषाढ़ के मध्य तक जारी रहा। खेतों में पानी भरे होने के कारण किसान खुर्रा बोनी नहीं कर पाए। बुआई के लिए उपयुक्त माहौल नहीं मिलने से लगभग 50 फीसदी बीज खराब हो गया। अब ताजा हालात यह है कि बारिश के बिना खेतों में दरारें नजर आ रही है। थलेश ठाकुर के मुताबिक दक्षिण बस्तर में सिंचाई की सुविधा नहीं होने से किसान केवल बारिश में ही खेती करते हैं। इन दिनों मानसूनी गतिविधि कमजोर है।

## तेंदूपत्ता संग्राहक महिलाओं को दी जा रही चरण पादुका

### जनता ने माना आभार, कहा- मोदी की एक और गारंटी हुई पूरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों की महिलाओं को विशेष सुविधा देने के उद्देश्य से प्रदेश में पुनः चरण पादुका वितरण योजना प्रारंभ किया गया है। इस योजना के तहत दंतेवाड़ा जिले के सात समितियों के माध्यम से कुल 19479 जोड़ी महिला चरण पादुका वितरण किया जाना है. इनमें से 9120 जोड़ी चरण पादुका का वितरण जिले के विभिन्न तेंदूपत्ता संग्रहण फड़ में किया जा चुका है. चरण पादुका का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों, पंच, सरपंच, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, प्रबंधक एवं फड़ मुंशी की उपस्थिति में किया जा रहा है. प्रदेश में लगभग 5 वर्षो से बंद जनता से जुड़ी महत्वपूर्ण चरण पादुका वितरण योजना मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के मार्गदर्शन में पुनः संचालित की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा चरण पादुका योजना की पहल तेंदूपत्ता संग्राहक महिलाओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए की जा रही है। पूर्ववर्ती सरकार में यह योजना बंद कर दी गई थी जिसे तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के हित में पुनः प्रारंभ किया गया है। राज्य सरकार की यह योजना ग्रामीण और वनों में कार्यरत महिला श्रमिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

चरण पादुका योजना का बस्तर की ग्रामीण जनता के लिए अलग ही महत्व है. हम कह सकते है कि इस योजना के सफल क्रियन्वयन के कारण की यहां के लोग चरण पादुका पहनना सीखे. प्रायः कुछ वर्षो पूर्व देखा जाता था कि बस्तर के अधिकतर ग्रामीण अपने पैरो में चरण पादुका नहीं पहनते थे. जिनके कारण उनके पैरों में अक्सर चोट, जहरीले जीव जंतुओं का काटने संबंधी अनेक घटनाएं होती रहती थी. किन्तु भाजपा सरकार द्वारा पूर्व में चरण पादुका वितरण योजना शुरू होने से धीरे-धीरे यहां के ग्रामीणों ने चरण पादुका पहनना भी सीख लिया.

## दो सड़क नवीनीकरण, ड्रेन निर्माण के लिए 4 करोड़ स्वीकृत

**जगदलपुर, 22 जुलाई।** कलेक्टर श्री हरिस एस द्वारा जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण खण्ड जगदलपुर क्रमांक-एक की तकनीकी प्राक्कलन के आधार पर जगदलपुर शहर के दो सड़क नवीनीकरण एवं ड्रेन निर्माण हेतु चार करोड़ एक लाख 60 हजार रुपए तथा महारानी अस्पताल में एनआरसी वार्ड सहित दीर्घायु कैंसर वार्ड, पैलेटिव केयर वार्ड एवं डायलिसिस वार्ड निर्माण हेतु 08 करोड़ 92 लाख 34 हजार रुपए कुल 12 करोड़ 63 लाख 94 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति जिला खनिज न्यास संस्थान निधि के अधोसंरचना विकास और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार एवं चिकित्सा सुदृढ़ीकरण घटक के तहत प्रदान किया गया है। जिसके अंतर्गत जगदलपुर शहर के सिटी कोतवाली से डॉ.भीमराव अम्बेडकर चैक (लालबाग) मार्ग 0.85 किमी का चैड़ीकरण, मजबूतीकरण एवं उन्नतिकरण सहित आरसीसी ओपन ड्रेन निर्माण कार्य की लागत दो करोड़ 31 लाख रुपए की है।

## कांग्रेसियों ने मोदी एवं साय सरकार के खिलाफ बोला हल्ला

# सड़क पर वाहनों की आवाजाही रोक किया चक्काजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 22 जुलाई।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल के ईडी द्वारा गिरफ्तारी एवं बिजली के बढ़े हुए दामों के खिलाफ आज दंतेवाड़ा प्रभारी व जगदलपुर के पूर्व विधायक रेख चंद जैन की अगुवाई में जिला कांग्रेस पार्टी ने पातररास स्थित बिजली विभाग कार्यालय के सामने रोड पर चक्काजाम कर दिया। जिससे घंटे भर तक वाहनों की आवाजाही बंद रही। चक्का जाम के चलते आमजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कांग्रेसियों ने चक्काजाम कर मोदी सरकार एवं प्रदेश की साय सरकार के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम ने कहा कि चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी मोदी के इशारे पर की गई है। अदाणी मुद्दे पर ध्यान भटकाने ईडी सीबीआई का सहारा लेकर मोदी सरकार लगातार कांग्रेसियों को टारगेट कर रही है। कांग्रेस ईडी और सीबीआई से डरने वाली नहीं। हम डरने वाले नहीं है। सड़क से लेकर संसद तक कांग्रेस इस लड़ाई को लड़ेगी। जीत अंततः सच्चाई की ही होगी। चक्काजाम के दौरान कांग्रेसियों ने मोदी की तानाशाही अब नहीं चलेगी, मोदी जब जब डरता है ईडी को आगे करता है, मोदी सरकार मुर्दाबाद, सीबीआई ईडी का दुरुपयोग बंद करो, भूपेश जी संघर्ष करो हम तुम्हारे साथ हैं, विष्णु सरकार हाय हाय के नारे भी जमकर लगाए गए। चक्काजा कार्यक्रम में पूर्व विधायक देवती कर्मा, छबिंद्र कर्मा, सुलोचना कर्मा, वीरेन्द्र गुप्ता, शकील रिजवी, राज कुमार तामो, विमल सलाम, तूलिका कर्मा, समेत सेवादल, एन एस यू आई, के छात्र संगठन एवं जिले के तमाम बड़े लीडर व बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कौशल तिहार 23 को टाउन हॉल में

**जगदलपुर, 22 जुलाई।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण कार्यालय द्वारा कौशल तिहार का आयोजन 23 जुलाई दिन बुधवार को टाउन हॉल जगदलपुर (जिला पंचायत के सामने) सुबह 10 बजे से किया जाएगा। जिसमें रोजगार मेला सह काउंसलिंग कैम्प का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में मीटर इंस्टॉलर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, ऑफिस असिस्टेंट, आदि पदों पर भर्ती की जाएगी तथा आगामी कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन लिए जाएंगे इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक दस्तावेज तथा अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर टाउन हॉल में आकर अवसर का लाभ ले सकते हैं।

## प्रतिनियुक्ति अवधि समाप्त होने के बाद भी मूल शाला में नहीं लौटे शिक्षक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 22 जुलाई।** दंतेवाड़ा का सबसे पुराना शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा जिसे भुपेश बघेल की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान नाम बदलकर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय दंतेवाड़ा कर दिया गया था। इसी विद्यालय में प्रतिनियुक्ति पर कुल 17 शिक्षक/व्याख्याता आज की तारीख में पदस्थ हैं। इन शिक्षक व्याख्याताओं को वर्ष 2020-21 में कांग्रेस सरकार के दौरान शासन ने राज्यपाल से अनुमोदन करवाकर इन्हें प्रतिनियुक्ति पर भेजा था। वर्ष 2025 मार्च में इनकी प्रतिनियुक्ति अवधि समाप्त हो गई है लेकिन अब तक ये सभी शिक्षक/व्याख्याता वापस अपने मूल शाला में नहीं लौटे हैं। अंदरूनी क्षेत्रों के स्कूलों में पढ़ने वाले आदिवासी ग्रामीण छात्रों को स्कूलों में गणित, अंग्रेजी, भैतिक रसायन जैसे विषयों के शिक्षक नहीं मिल रहे। छात्र विषयवार पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं और वहीं दुसरी ओर शहरी क्षेत्र के स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक एवं व्याख्याता होने के बावजूद प्रतिनियुक्ति के नाम पर उन्हें दुसरे शालाओं में जहां उनकी आवश्यकता नहीं भेजा गया है। अगर इसी तरह से शिक्षक व्यवस्था चलती रही तो अंदरूनी क्षेत्रों के स्कूलों के हालात कभी नहीं सुधर पाएंगे।

## कार्यशाला में बैंकिंग,योजनाओं की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर में समर्पित संस्था की सराहनीय पहल**



**भोपालपटनम, 22 जुलाई।** भारतीय रिजर्व बैंक के जमाकर्ता शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम के तहत समर्पित संस्था द्वारा भैरमगढ़ ब्लॉक के पंचायत भवन, केशकुतुल में सोमवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण बैंक उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों, वित्तीय योजनाओं और बैंकिंग प्रणाली की पारदर्शिता के प्रति जागरूक करना था। कार्यशाला में स्थानीय ग्रामीणों और स्व-सहायता समूह की महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण और विषय परिचय से हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला लीड बैंक मैनेजर श्री विनोद कुमार खलखो, स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक श्री विवेक भांडिल्य, बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक श्री मोहनीश, और सी.आर.जी.बी. बैंक के शाखा प्रबंधक श्री सरंत साहू उपस्थित रहे।

अपने उद्बोधन में श्री विनोद कुमार खलखो ने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय शिक्षा हर व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकता बन गई है। उन्होंने कहा, सही वित्तीय समझ से व्यक्ति न केवल अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना सकता है, बल्कि धोखाधड़ी और ठगी से भी बच सकता है। बैंक उपभोक्ताओं को अपने खाते और निवेश की पूरी जानकारी रखना उनका अधिकार है, और यदि बैंक प्रबंधन आवश्यक जानकारी देने में असफल रहता है, तो जमाकर्ता को बैंकिंग लोकपाल से संपर्क करना चाहिए।

कार्यक्रम में समर्पित संस्था के अध्यक्ष डॉ. संदीप शर्मा ने इस जागरूकता अभियान की महत्ता पर प्रकाश डाला।

## वार्ड के लोगों की मांग पर नपाध्यक्ष ने किया सीसी रोड का भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरंदुल, 22 जुलाई।** किरंदुल ओधोगु शहर के वार्ड नंबर 02 के वार्डवासियों की मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह के द्वारा सभी पार्षदगण एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में नवीन सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। वहीं विगत कई वर्षो से सड़क की मांग करते आ रहे वार्डवासियों के द्वारा भूमि पूजन पश्चात सड़क निर्माण के कार्य का भूमिपूजन के साथ ही मांग पूरी होते देख खुशी का इजहार करते हुए वार्डवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह का आभार जताया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह ने ठेकेदार को बुलाकर कहा कि सीसी रोड निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। नगरपालिका उपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी, बी.जे.पी. मंडल अध्यक्ष विजय सोढ़ी एस.के.एम.एस. के अध्यक्ष पी. देवरालू जी, सीएमओ शशि भूषण महापात्र, पार्षद लक्ष्मी ठाकुर, गिरजा विश्वकर्मा, यशोदा चुन्नम, गोपीनाथ हरिजन, बी रूपा रानी, राजकुमार सोनी, लीना सोनी, पदमा नाग, के सजी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, पालिका उप अभियंता टी आर सिन्हा, एवं संजय मार्कण्डेय, आर सी नहक जी, राजू रेड्डी एवं समस्त वार्डवासी ।

## किरंदुल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के लिए

# 1000 फलों के पौधों का किया वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरंदुल, 22 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक संवेदनशीलता को बढ़ावा देने वाली महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ माँ के नाम के तहत किरंदुल नगरपालिका में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष, पार्षदों, अधिकारियों और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के मंडल व जिला कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में 1000 फलदार पौधों का वितरण किया गया। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि मातृ शक्ति के प्रति सम्मान और पर्यावरण के प्रति जागरूकता का प्रतीक भी है।

किरंदुल नगरपालिका में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, स्कूली बच्चों और सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नगरपालिका अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा, यह अभियान न केवल हमारे पर्यावरण को हरा-भरा बनाने में मदद करेगा, बल्कि हमारी माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक अनूठा तरीका भी है। कार्यक्रम में 1000 फलदार पौधों का वितरण किया गया, जिनमें आम, अमरूद, नींबू और अनार जैसे पेड़ शामिल थे, जो न केवल पर्यावरण के लिए लाभकारी हैं, बल्कि स्थानीय समुदाय को फल उपलब्ध कराकर उनकी आजीविका में भी योगदान दे सकते हैं।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान का किरंदुल में आयोजन स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किरंदुल नगरपालिका ने इस अभियान को निरंतरता देने का संकल्प लिया है। किरंदुल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 1000 फलदार पौधों का वितरण एक प्रेरणादायक कदम है, जो पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देता है।

## एक नजर

### 28 जुलाई विश्व हेपेटाईटिस दिवस पर होंगे विविध कार्यक्रम

**बीजापुर 22 जुलाई ।** राष्ट्रीय वायरल हेपेटाईटिस नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 28 जुलाई को विश्व हेपेटाईटिस दिवस के अवसर पर जिला बीजापुर में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।भारत सरकार के निर्देशानुसार, इस विशेष दिवस का उद्देश्य हेपेटाईटिस जैसी गंभीर बीमारी के प्रति आम जनता में जागरूकता फैलाना है। इस कड़ी में जिला स्तर पर रैली, प्रचार-प्रसार, संगोष्ठी एवं चित्रकला प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के माध्यम से हेपेटाईटिस की रोकथाम, लक्षण, उपचार एवं संक्रमण से बचाव के तरीकों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाएगी।

### अवैध रूप से भंडारित 162 बोरी खाद जब्त

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, 22 जुलाई ।** खरीफ मौसम में जिले के किसानों को उनकी मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरान विभिन्न उर्वरकों के अवैध भंडारण, काला बाजारी आदि की जांच एवं नियंत्रण के लिए कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी के निर्देशानुसार राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा सतत् रूप से समितियों एवं व्यापारियों के गोदामों का जांच किया जा रहा है। जांच के दौरान पेंड्रा तहसील के अंतर्गत आमाडांड एवं झाबर में अवैध रूप से भंडारित 162 बोरी उर्वरक जप्त कर गोदाम सील किया गया। इसमें ग्राम आमाडांड निवासी शेर बहादुर ठाकुर के घर एवं दुकान से 84 बोरी एनपीके एवं डीएपी उर्वरक और ग्राम झाबर निवासी अभिषेक सोनी के गोदाम से 78 बोरी एनपीके एवं सुपर फास्फेट उर्वरक शामिल है। दोनों व्यापारियों के गोदाम एवं दुकान में अवैध रूप से भंडारित उर्वरक पाए जाने पर जप्त कर गोदाम सील किया गया है।

### जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 23 को

**रायगढ़, 22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास प्राधिकरण, रायपुर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार जिले में 23 जुलाई 2025 को जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता कार्यालय जिला कौशल विकास प्राधिकरण रायगढ़, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र परिसर में प्रातः 10 बजे से शुरू होगी। इस प्रतियोगिता में प्रशिक्षण कोर्स जनरल ड्यूटी असिस्टेंट (हेल्थ केयर सेक्टर)के अंतर्गत प्रतियोगिता के लिए पंजीकृत हितग्राही सम्मिलित होंगे।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 23 को

**धमतरी, 22 जुलाई ।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आगामी 23 जुलाई को आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित इस बैठक में कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन, खनिज विभाग, जिला पंचायत विकास निधि मद, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

ग्रामीण पहुंचे विधायक सहित आधिकारियों के पास और ज्ञापन सौंपकर मांग की

# नलवा माइंस की प्रस्तावित जनसुनवाई को स्थगित किया जाए



**खरोरा,22 जुलाई।** जनपद पंचायत तिल्दा क्षेत्र में प्रस्तावित नलवा माइंस परियोजना को लेकर लगातार उठ रही स्थानीय जनभावनाओं, पर्यावरणीय चिंता एवं आजीविका पर संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए, आज जनपद पंचायत तिल्दा के अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे ने प्रतिनिधिमंडल के साथ पूर्व विधायक श्री देवजी भाई पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल, तथा सरपंच संघ अध्यक्ष श्री अभिषेक वर्मा के साथ मिलकर क्रमशः धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, रायपुर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में मांग की गई कि नलवा माइंस की प्रस्तावित जनसुनवाई को तत्काल स्थगित किया जाए और इस परियोजना पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। यह मांग स्थानीय जनता की चिंता, पर्यावरणीय असंतुलन की आशंका तथा ग्रामीण आजीविका पर संभावित प्रतिकूल प्रभावों को ध्यान में रखते हुए की गई है।ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया कि खनन गतिविधियों से क्षेत्र की पारिस्थितिकी, जलस्तर, कृषि, पशुपालन और ग्रामवासियों के जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ेगा, जिसे किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।टिकेश्वर मनहरे जी ने कहा कि - यह पहल जनता के हितों की रक्षा, स्थानीय संसाधनों के संरक्षण एवं ग्राम विकास की प्राथमिकताओं के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिचायक है। जनपद पंचायत तिल्दा क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि, सरपंचगण एवं आमजन इस मुद्दे पर एकमत हैं और जब तक क्षेत्र की सुरक्षा और विकास सुनिश्चित नहीं होता, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।इस दौरान श्री उमेंद्र देवांगन जी, श्री दाऊलाल वर्मा जी, चंद्रकांत डहरिया जी, योगेंद्र सायतोड़े , उमेश यादव सुखदेव ध्रुव, त्रिभुवन साहू जी, लीलाधर घृतलहरे जी, नारद देवांगन जी, मखसूदन पाल जी, रामजीवर्मा,दीनदयाल डहरिया,दयाराम साहू , घनश्याम साहू , यशवंत साहू , प्रभात साहू ,विजय साहू ओम अमरनाथी, श्रीअनिल साहू , कामदेव साहू, शुक्लू धीवर जी, येन कुमार यादव , उकेश सायतोड़े जी, लोमेंद्र बंजारे अजय टंडन जी, श्याम लाल महिलांगे, आसकरण साहू , प्रेमदास टंडन, मिथुन यादव जी, प्रदीप टंडन जी, नंजय सायतोड़े जी,मोहन चतुर्वेदी जी, फंदी जांगड़े जी, टापलाल सायतोड़े जी, बिसनाथ मार्कंडेय जी, श्यामलाल बंजारे , जगमोहन वैष्णव जी, संतोष वर्मा , बैसाखू वर्मा जी, गोवर्धन वर्मा भुनेश्वर विश्वकर्मा जी, केशो वर्मा , देवसिंग वर्मा जी, एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा 27 जुलाई को

**रायगढ़, 22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 27 जुलाई 2025 को आबकारी आरक्षक (एबीए 25 )भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में परीक्षा के सफल संचालन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ श्री प्रवीण भगत, मोबा.नं.62668-16457 को नोडल अधिकारी, उप पुलिस अधीक्षक रायगढ़ श्री सुशांतो बनर्जी को पुलिस नोडल अधिकारी तथा सहायक परियोजना समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन रायगढ़ श्री भुवनेश्वर पटेल मोबा.नं 70000-81311, व्या.शा.हाई स्कूल मिड़मिड़ा श्री बाबू लाल पटेल एवं व्या.शा.उ.मा.वि.चांदमारी श्री निराकार पटेल को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।परीक्षार्थियों को जारी निर्देशों का करना होगा पालन-डिप्टी कलेक्टर रायगढ़ श्री प्रवीण भगत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र में आबंटित एक पुरूष एवं एक महिला कर्मी से फ्रिस्किंग का कार्य किया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों की फ्रिस्किंग महिला पुलिस कर्मी से ही कराया जाएगा। परीक्षा के समय परीक्षार्थियों के लिये जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। जिसमें परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम 2 घंटे पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुँचेगें ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 15 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आना होगा। फुटवियर के रूप में उन्हें चप्पल पहनकर आना होगा।

# बिजली बिल बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन



**खरसिया,22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद से लगातार बिजली बिलों में बढ़ोतरी को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा समुचे प्रदेश के बिजली ऑफिस का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ व खरसिया विधायक उमेश पटेल के मार्गदर्शन में खरसिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी शहर/ग्रामीण एवं एनएसयूआई द्वारा प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिलों में बढ़ोतरी को कम किये जाने एवं खरसिया क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती को तत्काल बंद किये जाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम से ज्ञापन सौंपा गया।विदित हो कि मदनपुर कांग्रेस कार्यालय से खरसिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी शहर/ग्रामीण के सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा रैली के माध्यम से खरसिया बिजली आफिस पहूँचकर भाजपा सरकार मुर्दाबाद, बिजली बिलों में बढ़ोतरी का निर्णय वापस लो, अघोषित बिजली कटौती बंद करो, उमेश पटेल ज़िंदाबाद के नारे लगाते हुए बिजली आफिस पहूँचकर विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री- नायक के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश के महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम से ज्ञापन दिया।उपरोक्त कार्यक्रम में खरसिया एनएसयूआई और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने एनएसयूआई का झंडा लेकर गगनचूमी नारे लगाते हुए जबरदस्त माहौल बनाया। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठजनो की उपस्थिति रही।

# जिले में 570.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 22 जुलाई।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 21 जुलाई तक 570.9 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 7.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 649.6 मिली मीटर, पुसौर में 649.8, खरसिया में 551.3, घरघोड़ा में 524.2, तमनार में 431.4, लैलूंगा में 509.4, मुकडेगा में 628.9, धरमजयगढ़ में 498.6, छाल में 538.2 एवं कापू में 727.7 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# अधिकारियों ने किया खाद्य परिसरों का निरीक्षण



**धमतरी, 22 जुलाई ।** कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में रक्षाबंधन त्यौहार को ध्यान में रखकर आज खाद्य परिसरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खोवा, कुंदा, बाहर राज्यों से आने वाली डोडा बर्फी, मिल्क के एवं पनीर से संबंधित खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता जांच विशेष अभियान चलाकर की गई। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री अक्षय कुमार सोनी, श्री फनेश्वर पिथौरा एवं नमूना सहायक श्री गिरजा शंकर वर्मा द्वारा जिले के अंतर्गत खाद्य परिसरों-स्टार डेयरी रामबाग धमतरी से पनीर व दही, अर्जुन होटल कुरूद से खोवा एवं वृन्दावन रिसॉर्ट मरादेव से पनीर का नमूना संकलित किया गया। स्टॉर डेयरी रामबाग फर्म में पर्याप्त स्वच्छता नही पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया है। पूर्व में निरीक्षण के दौरान श्री अक्षय कुमार सोनी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा भखारा रोड पर वाहन को रोककर अपना एक्वा पानी पाउच का नमूना जांच हेतु लिया गया था। जांच में मिथ्याछाप व बिना खाद्य पंजीयन के परिवहन करते पाए जाने के प्रकरण में न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, धमतरी द्वारा एक लाख रूपये का अर्थदण्ड पारित किया गया है।

# गृह प्रवेश में ओपी ने बिरहोर परिवार के नन्हे बच्चे से कटवाया फीता



**रायगढ़, 22 जुलाई।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी लैलूंगा प्रवास के दौरान कुर्रा गांव में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के बिरहोर परिवारों के बीच पहुंचे। यहां उन्होंने सुकनी बिरहोर के पीएम आवास का गृह प्रवेश कराया और नए मकान की पूरे परिवार को बहुत बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने परिवार के नन्हें बच्चे दिलीप बिरहोर से ही गृह प्रवेश का फीता कटवाया।

इस दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कुर्रा में चौपाल लगा कर बिरहोर समुदाय के परिवारों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। पीएम जनमन योजना के तहत परिवारों को मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास की मुख्य धारा से जोडने के लिए पीएम जनमन योजना के माध्यम से सभी जरूरी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। रायगढ़ में रह रहे बिरहोर परिवारों के लिए पीएम आवास का निर्माण प्राथमिकता से किया गया है। इसी तरह शासन की अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से भी उन्हें जोड़ा जा रहा है। मुलाकात के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बिरहोर परिवारों से उनकी समस्याओं और मांगों के संबंध में चर्चा की। उपस्थित लोगों ने सीसी रोड, सोलर स्ट्रीट लाइट के साथ ही पानी की उपलब्धता के लिए सुविधाओं को बढ़ाने की बात रखी। सामुदायिक भवन निर्माण की मांग भी की गई। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को बिरहोर परिवारों के आवश्यकता अनुरूप सुविधाओं का प्राथमिकता से विस्तार करने के निर्देश दिए। उन्होंने वहां मौजूद बच्चों को दुलार किया और सभी को अच्छे से पढ़ाई करने की सलाह दी इस मौके पर पूर्व मंत्री श्री सत्यानंद राठिया, नगर पंचायत अध्यक्ष श्री कपिल सिंघानिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री दीपक सिदार, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति भगत, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांता भगत व श्री गोपाल अग्रवाल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष श्री मनोज अग्रवाल, श्री मनोज सतपथी, श्री रमेश होता, कुर्रा की सरपंच दमयंती राठिया, उप सरपंच राजकुमारी खलखो, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, एसडीएम सुश्री अक्षा गुप्ता, सीईओ जनपद श्रीमती प्रीति नायडू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण में जनमन पत्रिका का वितरण



**धमतरी, 22 जुलाई ।** जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका ''जनमन'' का वितरण आज जनपद पंचायत कुरुद के प्रथम अरोरा शिक्षण केन्द्र में आयोजित सरपंच-सचिवों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में वितरण किया गया। इस अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों ने ''पत्रिका'' का अवलोकन करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा तैयार की गई यह मासिक पत्रिका विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान करती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में जानकारी का प्रभावी संप्रेषण हो रहा है। ÷जनमन÷ पत्रिका में शासन की प्राथमिकताओं, जनहितैषी योजनाओं और सफलता की कहानियों को सरल भाषा में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे यह सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित हो रही है।

# छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए कर रहे कार्य: ओपी चौधरी



**रायगढ़, 22 जुलाई।** वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ जिले के नगर पंचायत लैलूंगा में 2 करोड़ 72 लाख रुपये से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने जयदयाल सिंघानिया फाउंडेशन के सहयोग से नवनिर्मित सेठ जयदयाल कन्या प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया, साथ ही स्कूल परिसर में सेठ जयदयाल सिंघानिया की प्रतिमा का अनावरण भी किया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ करते हुए वित्त मंत्री श्री चौधरी ने स्कूल के छात्रों को ड्रेस, पाठ्य सामग्री व श्रीफल का वितरण किया। कार्यक्रम में वित्त मंत्री श्री चौधरी ने लैलूंगा में पंजीयन कार्यालय खोलने की महत्वपूर्ण घोषणा की। जिससे यहां के लोगों को जमीन रजिस्ट्री के लिए दूर जाने की जरूरत नही पड़ेगी और स्थानीय स्तर पर ही काम होने से समय व ऊर्जा की बचत होगी।वित्तमंत्री श्री चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि ओपी सिंघानिया का लैलूंगा की मिट्टी से गहरा नाता है। वे इसी अंचल में जन्मे, पले-बढ़े और आज देश-प्रदेश में एक प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। इस क्षेत्र के लिए उनका योगदान अनुकरणीय है। उन्होंने नवनिर्मित सेठ जयदयाल कन्या प्राथमिक शाला भवन के निर्माण को अत्यंत सुंदर और प्रेरणादायक बताते हुए सिंघानिया फाउंडेशन को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने सरकार बनते ही दो साल के बकाया बोनस राशि वितरण किया। धान खरीदी की मात्रा 21 क्विंटल प्रति एकड़ और 3100 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया।

# जनसुनवाई अब होगी और भी सुगम

**धमतरी, 22 जुलाई ।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और नागरिक सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिला कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आज अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव ने कलेक्टर कार्यालय में फीता काटकर 'जनदर्शन डेस्क' का शुभारंभ किया। यह डेस्क अब सप्ताह के पाँच कार्यदिवस-सोमवार से शुक्रवार तक, प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगा। इसके माध्यम से नागरिक अपनी समस्याएं, शिकायतें और आवेदन पत्र सीधे डेस्क में कर सकेंगे।

अपर कलेक्टर श्रीमती यादव ने बताया कि अब जनदर्शन कार्यक्रम केवल हर सोमवार तक सीमित न होकर नियमित रूप से सुगम प्रक्रिया के तहत चलेगा। इससे आमजन की समस्याएं शीघ्रता से संज्ञान में लाई जा सकेंगी और समाधान की दिशा में समयबद्ध कार्रवाई संभव हो पाएगी।

उन्होंने बताया कि डेस्क के प्रभावी संचालन हेतु एक नोडल अधिकारी के साथ प्रत्येक दिन के लिए दिनवार प्रभारी अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं, जो प्राप्त आवेदनों का संकलन और प्राथमिक स्तर पर परीक्षण सुनिश्चित करेंगे। यह व्यवस्था प्रशासन को जन अपेक्षाओं से जोड़े रखने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। जनदर्शन डेस्क में पहला आवेदन श्री बिसौहा राम साहू से प्राप्त हुआ । उन्होंने अपने खेत में फलदार पौधे लगाने उसकी सुरक्षा हेतु काँटेदार तार की फेंसिंग हेतु आर्थिक मदद का मांगी है ।

# रक्षाबंधन पर्व के पहले जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए अभियान चलाया गया

**महासमुन्द, 22 जुलाई ।** राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देशानुसार आगामी पर्व रक्षाबंधन को दृष्टिगत रखते हुए 21 जुलाई को पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में पनीर एवं खोवा की गुणवत्ता जांच हेतु विशेष अभियान संचालित किया गया। इसी क्रम में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह एवं जिला अभिहीत अधिकारी सह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद श्री हरिशंकर पैकरा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री शंखनाद भोई द्वारा जिले के बागबाहरा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूने संकलित किए गए।जांच के तहत प्रतिष्ठानों से विधिक खाद्य नमूने लिए गए। जिसमें मेसर्स विश्वा फैमिली रेस्टोरेंट एण्ड ढाबा बागबाहरा से पनीर एवं पका चावल, मेसर्स छत्तीसगढ़ फैमिली ढाबा एण्ड रेस्टोरेंट बागबाहरा से पनीर, मेसर्स श्री हर्षद मिष्ठान भंडार, बागबाहरा से खोवा संकलित किया गया। ये सभी खाद्य नमूने राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी, रायपुर को परीक्षण हेतु भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।उल्लेखनीय है कि विगत माह में भी कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में अभियान चलाकर 05 पनीर के खाद्य नमूने संकलित कर राज्य प्रयोगशाला को भेजे गए थे।

### छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष आयोजन की तैयारियां प्रारंभ

**रायपुर, 22 जुलाई ।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष आयोजन के संबंध में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के आयोजन के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस बैठक में राज्य शासन के सभी विभागों के सचिव, विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त और कलेक्टर शामिल हुए। रजत जयंती वर्ष में 15 अगस्त 2025 से 6 फरवरी 2026 तक 25 सप्ताहों के दौरान राज्य के सभी विभागों, मंत्रिगणों के अनेकों कार्यक्रम शामिल होंगे।

# जिले में 2.63 लाख से अधिक राशनकार्ड वालों को दिया जा रहा खाद्यान्न



**जशपुनगर 22 जुलाई ।** किसी भी व्यक्ति के लिए सबसे जरूरी आवश्यकता होती है भोजन और आवास इसमें से एक आवश्यकता तो ऐसी है जिसके बिना जीवन संभव नहीं और वह है भोजन इन आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील सोच रखते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के गरीब और जरूरतमंद लोगों को भोजन और आवास की सुविधा उपलब्ध काई जा रही है। खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के तहत् गरीब और जरूरतमंद व्यक्तियों के साथ सभी परिवारों को भोजन का अधिकार सुनिश्चित करने तथा पात्रता अनुसार राशन सामग्री उपलब्ध कराने हेतु छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम लागू किया गया। जिसके अतंर्गत जशपुर जिले में 61,472 अन्त्योदय परिवारों को प्रतिमाह 35 किलो चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी प्रकार 1,83,521 प्राथमिकता राशन कार्ड धारियों को 1 से 2 सदस्यों के लिए 10 किलो प्रति सदस्य के मान से प्रतिमाह एवं 3 से 5 सदस्य वाले परिवार को 35 किलो एवं 5 से अधिक सदस्य वाले परिवारों को 7 किलो चावल प्रति सदस्य प्रतिमाह प्रदाय किया जा रहा है। 670 एकल निराश्रित एवं 217 निशक्तजन राशन कार्ड पर 10 किलो चावल प्रतिमाह निशुल्क प्रदान किया जा रहा है। राज्य शासन के निर्णय अनुसार जनवरी 2024 से दिसम्बर 2028 तक समस्त अन्त्योदय तथा प्राथमिकता कार्डधारियों हेतु चावल की उपभोक्ता दर निःशुल्क होगी। जिले में कुल 2 लाख 63 हजार 195 राशन कार्ड प्रचलित है जिनको खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। इनमें 17 हजार 315 एपीएल कार्ड भी शामिल हैं। सार्वभौम पीडीएस के अंतर्गत जिले में 17,315 सामान्य परिवारों (आयकरदाता एवं गैर आयकरदाता) को भी खाद्यान्न प्रदाय किया जा रहा है। सामान्य राशन कार्डों में खाद्यान्न की पात्रता 1 सदस्यीय परिवार के लिए 10 किलो, 2 सदस्यीय परिवार के लिए 20 किलो, 3 या 03 से अधिक सदस्यीय परिवार के लिए 35 किलो खाद्यान्न प्रतिमाह जिसकी उपभोक्ता दर 10 रुपये प्रति किलो निर्धारित की गई है।

# देश की सीमाओं में डटे सैनिकों की कलाई सजेगी



**महासमुंद, 22 जुलाई।** रक्षाबंधन के पावन अवसर पर महासमुंद जिले की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों द्वारा भेजे गए राखियों से इस बार देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों की कलाई सजेगी। भाई बहन के इस अटूट प्रेम को दर्शाते इस पावन त्यौहार में देशभक्ति और स्नेह से भरा पत्र भी लिखकर भेजा जा रहा है। जिले की आंगनबाड़ियों में कार्यरत बहनों ने न केवल अपने हाथों से रक्षासूत्र (राखी) तैयार किए, बल्कि सैनिकों के नाम स्नेह, सम्मान और कृतज्ञता से भरे पत्र भी प्रेषित किए। इस अवसर पर महासमुंद शहरी सेक्टर 01 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और महतारी वंदन की हितग्राहियों ने कहा कि बहनों के लिए उनके 'रक्षक' केवल खुद का भाई ही नहीं, बल्कि देश की सीमाओं की रक्षा में समर्पित हमारे वीर सैनिक भी हैं। जब तक हमारे सैनिक सीमा पर जागते हैं, तब तक देशवासी निश्चिंत होकर विश्राम कर सकते हैं। जब सैनिकों की कलाई पर यह राखी बंधेगी ,तब सैनिक न केवल गौरवान्वित महसूस करेंगे बल्कि देश की रक्षा के लिए मजबूत होकर हमेशा डटे रहेंगे। महासमुंद के शहरी सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्रों में यह कार्यक्रम उत्साहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री टी जटवार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य मातृशक्ति और समुदाय को देश सेवा के भाव से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों के पोषण और शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और संस्कारों के वाहक भी बनते जा रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ में फिशरीज के नये युग की शुरुआत



रायपुर, 22 जुलाई। छत्तीसगढ़ में जल्द ही मछली पालन के क्षेत्र में एक नये युग की शुरूआत होने जा रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रयासों से केन्द्र सरकार के सहयोग से प्रदेश के कोरबा जिले में हसदेव बांगो डुबान जलाशय में पहला एक्वा पार्क स्थापित होने जा रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत केन्द्र सरकार से 37 करोड़ 10 लाख रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत हो चुकी हैं। यह एक्वा पार्क एतमा नगर और सतरेंगा क्षेत्र में फैलें सैकड़ों एकड़ डुबान जलाशय में विकसित होगा। इस एक्वा पार्क विकसित हो जाने से राज्य में मछली पालन के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन होगा। मछली उत्पादन से लेकर प्रोसेसिंग, विक्रय, निर्यात और एक्वा टूरिजम से क्षेत्र के ग्रामीणों की आय बढ़ेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस पार्क की स्थापना के लिए राशि स्वीकृत करने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी सहित केन्द्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। कोरबा जिले के हसदेव बांगो जलाशय के डुबान क्षेत्र में विकसित होने वाले इस एक्वा पार्क में दो तरह की सुविधाएं होंगी। एतमा नगर में फीड मिल, फिश प्रोसेसिंग प्लांट, हेचरी और रिसर्कुलेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम स्थापित होगा। वहीं सतरेंगा में एक्वा टूरिजम को बढ़ाने के लिए म्यूजियम और अन्य सुविधा विकसित की जाएंगी। एतमा नगर में मछलियों के उत्पादन से लेकर उनकी प्रोसेसिंग और मार्केटिंग के साथ-साथ उन्हें विदेशों में एक्सपोर्ट करने तक की सुविधा विकसित होगी। हेचरियों में मछलियों के बीज उत्पादन से लेकर फीड मिल में पूरक पोषक आहार भी यहीं बनेगा। फिश प्रोसेसिंग प्लांट में मछलियों की सफाई, हड्डियां हटाकर फिले बनाना और उसे उच्च स्तरीय गुणवत्ता वाले पैकेजिंग सिस्टम से पैक कर विदेशों में निर्यात करने की पूरी व्यवस्था यहां की जाएगी। एतमा नगर के इस प्रोसेसिंग यूनिट से हटकर सतरेंगा में एक्वा म्यूजियम बनेगा। पहले ही सतरेंगा पर्यटन की दृष्टि से छत्तीसगढ़ का प्रमुख वाटर बॉडी है। एक्वा म्यूजियम बन जाने से विभिन्न प्रकार की मछलियों को पर्यटकों की जानकारी के लिए यहां रखा जाएगा। इसके साथ ही सतरेंगा में एंगलिंग डेस्क, कैफेटेरिया, फ्लोटिंग हाउस तथा मोटर बोट सहित वाटर स्पोर्ट्स की सविधाएं भी विकसित की जाएंगी, जिससे क्षेत्र में पर्यटन बढ़ेगा। पर्यटन से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय ग्रामीणों की आय बढ़ने से उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। इस एक्वा पार्क की स्वीकृति मिलने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य के मछली पालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि इस एक्वा पार्क से न केवल मछली पालन की नई उन्नत तकनीकें लोगों तक पहुंचेंगी, बल्कि प्रोसेसिंग-पैकेजिंग यूनिट से छत्तीसगढ़ के मछली व्यवसाय को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की तिलपिया मछली की विदेशों में बहुत मांग है और इस एक्वा पार्क में इस मछली के उत्पादन से छत्तीसगढ़ के मछली पालकों के लिए अब सात समुन्दर पार भी व्यापार के द्वार खुलेंगे।

## एक नजर

### सोलन की निधि ठाकुर ने 800 मीटर दौड़ व सिरमौर की दीक्षिता ने किक बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण



**ऊना/नाहन (सिरमौर), 22 जुलाई (एजेंसी)।** सोलन जिले की निधि ठाकुर ने बिहार के पटना में राष्ट्रीय स्तर की ओपन एथलेटिक्स मीट में गोल्ड मेडल हासिल किया है। निधि ने 800 मीटर की दौड़ में सफलता हासिल की। बीते एक वर्ष से निधि ऊना में खेल विभाग के कोच राकेश चौधरी के पास प्रशिक्षण हासिल कर रही हैं। ऊना कॉलेज में एमए अंग्रेजी की द्वितीय वर्ष की छात्रा हैं। निधि इससे पहले बिलासपुर में भी राकेश चौधरी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं थी। उनका तबादला यहां होने के बाद से वह अपने उम्दा प्रदर्शन को जारी नहीं रख पाईं। आखिरकार बीते वर्ष निधि यहां ऊना आकर फिर से कोच राकेश से प्रशिक्षण पाकर कड़ी मेहनत में जुट गई। अब राष्ट्रीय स्तर की ओपन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल हासिल किया। निधि सोलन के अर्को तहसील के गांव खनोल की रहने वाली हैं, उनके पिता जतिंदर ठाकुर पेशे से चालक हैं माता सुनीता ठाकुर हैं।

**सिरमौर की दीक्षिता को स्वर्ण, किक बॉक्सिंग में अब देश के लिए खेलेंगी:** वहीं छत्तीसगढ़ में हुई राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में दीक्षिता चौहान ने गोल्ड मेडल जीता है। उनका चयन आबूधाबी में नवंबर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए हुआ है। मूल रूप से टिक्कर डिसवानी निवासी दीक्षिता चौहान ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। पहले भी दीक्षिता राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बार जीत का परचम लहरा चुकी हैं। विपरीत आर्थिक और पारिवारिक परिस्थितियों के बावजूद दीक्षिता ने हार नहीं मानी।

### मैनचेस्टर टेस्ट की प्लेइंग-11 में 2 बदलाव करेगी टीम इंडिया

# रेड्डी और आकाशदीप इंजर्ड, कम्बोज कर सकते हैं डेब्यू, शार्दूल की वापसी संभव

**मैनचेस्टर, 22 जुलाई (एजेंसी)।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट की प्लेइंग-11 में टीम इंडिया कम से कम 2 बदलाव तो जरूर करेगी। लॉर्ड्स टेस्ट खेलने वाले आकाशदीप और नीतीश कुमार रेड्डी इंजर्ड हो गए हैं। ऐसे में दोनों प्लेइंग-11 से बाहर होंगे। उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दूल ठाकुर और अंशुल कम्बोज में से किन्हीं 2 प्लेयर्स को मौका मिल सकता है। मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में चौथा टेस्ट 23 जुलाई को दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा। इंग्लैंड ने पहला और तीसरा टेस्ट जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है। भारत ने दूसरा मुकाबला जीता था।



**टॉप ऑर्डर में करुण नायर की जगह तय नहीं :** यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ही चौथे टेस्ट में भी ओपनिंग करते नजर आएंगे। राहुल सीरीज में 2 सेंचुरी लगा चुके हैं, उन्होंने लॉर्ड्स में भी शतक लगाया था। वहीं यशस्वी के नाम भी सीरीज में एक सेंचुरी है। हालांकि, नंबर-3 पोजिशन पर खेलने वाले करुण नायर बाहर हो सकते हैं।

नायर सीरीज की 6 पारियों में एक फिफ्टी तक नहीं लगा सके। उनका बेस्ट स्कोर 40 रन है। ऐसे में टीम मैनेजमेंट को फैसला लेना है कि उन्हें एक और मौका दिया जाए या नहीं। अगर करुण को बाहर किया गया तो साई सुदर्शन या ध्रुव जुरेल को मौका मिल सकता है। सुदर्शन ने पहला टेस्ट खेला था, लेकिन बाकी 2 मुकाबलों में उन्हें बाहर बैठाया गया। वहीं जुरेल ने पिछले मुकाबले में ऋषभ पंत के इंजर्ड होने के बाद विकेटकीपिंग की थी।

**मिडिल ऑर्डर में जुरेल की वापसी संभव:** ऋषभ पंत लॉर्ड्स टेस्ट में विकेटकीपिंग करने के दौरान इंजर्ड हो गए थे। ऐसे में वे चौथे टेस्ट में विकेटकीपर की भूमिका नहीं निभा पाएंगे। कप्तान शुभमन गिल नंबर-4 और पंत नंबर-5 पर बैटिंग करते हैं। नंबर-6 पोजिशन पर पिछले मुकाबले में रवींद्र जडेजा को मौका मिला था। हालांकि, पंत अगर विकेटकीपिंग नहीं कर सके तो ध्रुव जुरेल को बतौर विकेटकीपर प्लेइंग-11 में मौका देना पड़ सकता है। अगर उन्हें खिलाया गया तो नायर को बाहर बैठाया जा सकता है। इस कंडीशन में नंबर-3 पर वॉशिंगटन सुंदर या जुरेल में से किसी एक को मौका मिलेगा।

**नीतीश की जगह कौन खेलेगा?:** नीतीश कुमार रेड्डी ने लॉर्ड्स टेस्ट में अपनी बॉलिंग से प्रभावित किया था। उनकी ऑलराउंड स्किल को देखते हुए उन्हें चौथे टेस्ट में भी मौका जरूर मिलता। हालांकि, वे घुटने में इंजरी के कारण बाहर हो गए। उनकी जगह अब ऑलराउंडर शार्दूल ठाकुर या स्पिनर कुलदीप यादव में से किसी एक को मौका मिल सकता है। शार्दूल ने सीरीज का पहला मुकाबला खेला था, वहीं कुलदीप अब तक एक भी मैच नहीं खेल सके। रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर के रूप में टीम के पास 2 ऑलराउंडर पहले से हैं। जडेजा सीरीज में लगातार 4 फिफ्टी लगा चुके हैं। वहीं सुंदर ने पिछले टेस्ट की दूसरी पारी में 4 विकेट लेकर इंग्लैंड को 200 रन के अंदर समेट दिया था। सुंदर ने सीरीज में नंबर-8 पर बैटिंग की, लेकिन नायर को बाहर किया गया तो वे नंबर-3 पर भी उतर सकते हैं।

#### आकाशदीप की जगह प्रसिद्ध या कम्बोज

सीरीज के दूसरे टेस्ट में 10 विकेट लेने वाले आकाशदीप तीसरे टेस्ट के दौरान ही इंजरी से जूझ रहे थे। प्रैक्टिस के दौरान उनकी चोट बढ़ गई, जिस कारण वे सीरीज से लगभग बाहर हो गए। उनकी जगह अब टीम में प्रसिद्ध कृष्णा या अंशुल कम्बोज को मौका मिल सकता है। प्रसिद्ध ने सीरीज में 2 टेस्ट खेले, वहीं कम्बोज अब तक डेब्यू नहीं कर सके। आकाशदीप की जगह जिस भी खिलाड़ी को मौका मिलेगा, उसे बॉलिंग डिपार्टमेंट में मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह का साथ मिलेगा। सिराज ने सीरीज के तीनों टेस्ट खेले, वहीं बुमराह अगर चौथा मुकाबला खेले तो यह सीरीज में उनका तीसरा टेस्ट होगा। वर्कलोड मैनेजमेंट को देखते हुए वे सीरीज में 3 ही टेस्ट खेल सकते हैं। ऐसे में अगर उन्होंने चौथा टेस्ट खेला तो वे आखिरी मुकाबला नहीं खेल पाएंगे।

#### भारत की पॉसिबल प्लेइंग-11

केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, वॉशिंगटन सुंदर, शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत, ध्रुव, जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, शार्दूल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अंशुल कम्बोज।

### सुलझ नहीं पा रही नबर-3 की समस्या

**मैनचेस्टर, 22 जुलाई (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन किया है। सीरीज में अब तक खेले गए सभी तीन मैचों में टीम इंडिया ज्यादातर समय मेजबान टीम से आगे रही है। इसमें सबसे अहम योगदान हमारी बल्लेबाजी का रहा है, जिसने इंग्लैंड की मुश्किल परिस्थितियों में खूब रन बनाए हैं। बावजूद इसके तीन मैचों के बाद भारत सीरीज में 1-2 से पिछड़ रहा है। इस बीच, भारतीय टीम की सबसे बड़ी समस्या नंबर-3 पर बल्लेबाजी रही है। इस दौरे पर नंबर-3 के बैटर को छोड़कर भारत के टॉप-7 बैटिंग पोजीशन पर कम से कम एक अर्धशतक है। टेस्ट क्रिकेट में नंबर-3 बैटर का योगदान इसलिए अहम हो जाता है क्योंकि इसी पोजीशन पर जीत में सर्वाधिक 399 शतक लगे हैं।

**इंग्लैंड दौरे पर नंबर-3 पर करुण नायर और साई सुदर्शन फेल:** इंग्लैंड दौरे पर भारत के लिए साई सुदर्शन और करुण नायर ने इस पोजीशन पर बल्लेबाजी की है। लेकिन दोनों ही बैटर फ्लॉप साबित हुए और कोई भी बैटर एक भी बार 40 का आंकड़ा पार नहीं कर सका है। हालांकि, नंबर-3 बैटर की समस्या भारत के लिए कोई नई बात नहीं है। इस दशक की शुरुआत से यानी कि 2020 से हमारे नंबर-3 बैटर का औसत दुनिया में आठवें नंबर पर है। पिछले पांच सालों में हमने इस पोजीशन पर 11 बल्लेबाजों को आजमाया है। लेकिन 52 मैचों में उन्होंने 30.83 की औसत से रन बनाए हैं। इस मामले में हम सिर्फ बांग्लादेश, जिम्बाब्वे, आयरलैंड और वेस्टइंडीज से बेहतर हैं।

## चाइना ओपन-प्रणय जापानी खिलाड़ी को हराकर प्री-क्वार्टर में पहुंचे

**चांगझोउ, 22 जुलाई (एजेंसी)।** चांगझोउ में खेले गए चाइना ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के एचएस प्रणय ने मेंस सिंगल्स में शानदार शुरुआत की।

उन्होंने जापान के कोकी वतनबे को 8-21, 21-16, 23-21 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि लक्ष्य सेन टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। उन्हें चीनी खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा।

**पहला गेम हारने के बाद प्रणय ने वापसी की:** पहला गेम 8-21 से गंवाने के बाद प्रणय ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी की और इसे 21-16 से जीता। तीसरे और निर्णायक गेम में वे 1-7 और फिर 13-20 से पीछे थे, लेकिन शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कोर 20-20 पर बराबर किया और अंत में 23-21 से गेम और मैच अपने नाम किया।

**लक्ष्य आखिरी दो गेम हारे:** लक्ष्य सेन पहले ही राउंड में चीनी खिलाड़ी ली शिफेंग से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। लक्ष्य पहला गेम 21-14 से जीतने के बाद लगातार दो गेमों में 22-24 और 11-21 से हारे।

#### पहला गेम हारने के बाद वापसी की लक्ष्य को चीनी खिलाड़ी ने हराया



**अनुपमा उपाध्याय को मिली हार:** विमेंस सिंगल्स में भारत की अनुपमा उपाध्याय को चीनी खिलाड़ी लिन ह्सियांग-ति के खिलाफ 23-21, 11-21, 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। अनुपमा पहले गेम में कड़ी टक्कर देने में सफल रहीं, लेकिन दूसरे और तीसरे गेम में चीनी खिलाड़ी ने उन्हें आसानी से हरा दिया।

**मिक्स्ड डबल्स में पहले ही दौर में बाहर:** मिक्स्ड डबल्स में रोहन कपूर-रुत्विका गद्दे और अशिथ सूर्य-अमृता प्रमुथेश की जोड़ियां पहले ही राउंड में बाहर हो गए हैं। रोहन कपूर-रुत्विका गद्दे को चीनी जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा।

**सिंधु, लक्ष्य और अन्य भारतीय खिलाड़ी भी मैदान में:** चाइना ओपन में भारत की ओर से पीवी सिंधु, लक्ष्य सेन और पुरुष डबल्स में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी की जोड़ी भी हिस्सा ले रही है। महिला डबल्स में भारत की अमृता प्रमुथेश-सोनाली सिंह, कविप्रिया सेल्वम-सिमरन सिंघी और रुतपर्णा पांडा-स्वेतपर्णा पांडा की जोड़ियां प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

#### भारतीय जूनियर मिक्स्ड बैडमिंटन टीम एशियन चैंपियनशिप से बाहर



**इंडोनेशिया, 22 जुलाई (एजेंसी)।** भारत की जूनियर मिक्स्ड बैडमिंटन टीम एशिया जूनियर मिक्स्ड टीम चैंपियनशिप से बाहर हो गई है। सोमवार को इंडोनेशिया के सोलो में खेले गए क्वार्टर फाइनल में मिक्स्ड टीम को जापान से 104-110 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला रिले स्कोरिंग सिस्टम के तहत खेला गया, जिसमें हर मैच के अंक जोड़े जाते हैं। मैच की शुरुआत में भारत को पहला गेम 9-11 से हारना पड़ा, लेकिन इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार वापसी की। मेंस के डबल्स जोड़ी भागव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरु ने भारत को पहला अंक दिलाया। इसके बाद विमेस की डबल्स जोड़ी वेंनला कलागोटला और रेशिका उथयसूरियन ने भारत को 33-26 की बढ़त दिलाई।

## दिव्या-कोनेरू फीडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में


### पहली बार दो भारतीय महिला खिलाड़ी टॉप-4 में पहुंची, दोनों का मुकाबला चीनी खिलाड़ी से

**बटुमी, 22 जुलाई (एजेंसी)।** कोनेरु हम्पी के बाद दिव्या देशमुख भी चेस फीडे विमेंस वर्ल्ड कप 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। इसके साथ ही पहली बार दो भारतीय महिला टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना पाई हैं। इससे पहले, रविवार को कोनेरु हम्पी सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थीं। यह टूर्नामेंट जॉर्जिया के बटुमी में खेला जा रहा है।

**दिव्या ने ट्राई ब्रेक में हरिका द्रोणावल्ली को हराया:** सोमवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल में दिव्या देशमुख ने अपनी ही देश की हरिका द्रोणावल्ली को हरा कर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। दिव्या और हरिका के दोनों क्लासिकल मुकाबले ड्रॉ रहे थे और टाई ब्रेक में दिव्या ने दोनों ही बाजियां जीत कर सेमीफाइनल के लिए प्रवेश किया। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला तान झोंगयी से होगा।

**कोनेरू हम्पी ने चीनी खिलाड़ी को हराया:** वहीं, कोनेरू हम्पी ने चीन की सॉन्ग युक्सिन को हराकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया था। उन्होंने पहला गेम जीता, जबकि दूसरा गेम ड्रॉ रहा। अब सेमीफाइनल में चीन की लेई टिंगजी से खेलेंगी।





**पहली बार भारत की चार महिला खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची:** इस टूर्नामेंट में पहली बार भारत की चार महिला खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुंची। कोनेरू हंपी के अलावा हरिका द्रोणवल्ली, आर. वैशाली और दिव्या देशमुख ने क्वार्टरफाइनल में अपना स्थान पक्का किया।

**वैशाली को मिली हार:** वैशाली रमेशबाबू को चीन की तीसरी वरीयता प्राप्त तान झोंगयी से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही इस टूर्नामेंट में उनका अभियान समाप्त हो गया। वैशाली ने कजाकिस्तान की मेरुएर्त कमालिदेनोवा को हराकर क्वार्टर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया था।

## व्यापार


### जियो बना दुनिया का नंबर वन एफडब्ल्यूए सर्विस प्रोवाइडर

**नई दिल्ली, 22 जुलाई (एजेंसी)।** रिलायंस जियो FWA सर्विस के क्षेत्र में दुनिया की नंबर वन कंपनी बन गई है। 74 लाख से अधिक ग्राहक जियो की FWA सर्विस से जुड़े हैं। अमेरिका की टी-मोबाइल कंपनी को पीछे छोड़ रिलायंस जियो अब पहले पायदान पर पहुंच गई है। रिलायंस जियो FWA यानी फिक्सड वायरलैस एक्सेस के तहत जियो एयर फाइबर सर्विस चलाता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के तिमाही नतीजों में मुकेश अंबानी ने इस बात का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि जियो एयर फाइबर के साथ जियो फाइबर भी शानदार प्रदर्शन कर रहा है। जियो 2 करोड़ से अधिक परिसरों को कनेक्ट कर चुका है। 5जी के मोर्चे पर भी कंपनी ने दमदार तरीके से ग्राहक जोड़े हैं। जियो ट्रू 5जी नेटवर्क से 21 करोड़ 30 लाख से अधिक ग्राहक जुड़ चुके हैं। वित्तिय मजबूती में भी कंपनी ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। जहां एक तरफजियो का आरपू यानी प्रति व्यक्ति प्रति महीने औसत राजस्व बढ़कर 208.8 रु तक जा पहुंचा, तो वहीं कंपनी का शुद्ध लाभ भी साल-दर-साल 24.8% बढ़कर 7,110 करोड़ हो गया।




### चांदी ऑलटाइम हाई पर, 787 बढ़कर 1.14 लाख किलो हुई, सोना भी 467 रुपए महंगा हुआ

**नई दिल्ली, 22 जुलाई (एजेंसी)।** चांदी आज यानी 22 जुलाई को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार चांदी की कीमत 787 बढ़कर 1,14,252 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले चांदी 1,13,465 पर थी। वहीं सोना अपने ऑल टाइम हाई के करीब पहुंच गया है। 24 कैरेट सोने का दाम 467 बढ़कर 99,363 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले इसका दाम 98,896 पर था। सोने ने 8 जून को 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था।



**इस साल 1 लाख 3 हजार तक जा सकता है सोना:** केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिका के टैरिफके चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 3 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

**इस साल अब तक 23,201 महंगा हुआ सोना:** इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 23,201 रुपए बढ़कर 99,363 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 28,235 रुपए बढ़कर 1,14,252 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# व्यापार और नवाचार को मिली नई दिशा

### वाणिज्य मंत्रालय की पहल से स्टार्टअप और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा

**नई दिल्ली, 22 जुलाई (एजेंसी)।** केंद्रीय मेंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने पिछले सप्ताह भारत के व्यापार तंत्र को मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें शुरू की हैं। पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जमीनी स्तर के उद्यमिता प्रयासों की सराहना करते हुए पोस्ट किया।

**तीन श्रेणियों में दिए जाएंगे 34 पुरस्कार :** मंत्रालय ने एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पुरस्कार की मेजबानी की। इसमें तीन श्रेणियों में 34 पुरस्कार दिए गए। ओडीओपी का उद्देश्य संतुलित क्षेत्रीय विकास और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देना है। सरकार ने स्थानीय उत्पादकों को समर्थन देने और उन्हें वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में एकीकृत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

**भारत के वैश्विक व्यापार को बढ़ाने के लिए 61 देशों के प्रमुखों से की मुलाकात:** भारत के वैश्विक व्यापार को बढ़ावा देने के रणनीतिक कदम के तहत, मंत्री गोयल ने 61 देशों में 74 भारतीय मिशनों के वाणिज्यिक विंग के प्रमुखों के साथ मुलाकात की। इस चर्चा में भारत की वैश्विक व्यापार रणनीति को और बेहतर बनाने और चार प्रमुख संकेतकों (केपीआई) पर जोर देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसमें निवेश, व्यापार, पर्यटन और प्रौद्योगिकी शामिल हैं।



**स्टार्टअप पुरस्कारों का पांचवां संस्करण:** नवाचार को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कारों के पांचवें संस्करण के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। कृषि, स्वच्छ ऊर्जा, फिनटेक, एयरोस्पेस, स्वास्थ्य, शिक्षा, साइबर सुरक्षा और सुगम्यता सहित विविध क्षेत्रों के स्टार्टअप्स को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

**उद्योग जगत के नेताओं के साथ विचार-विमर्श:** इसके अलावा, मंत्री गोयल ने 10वीं राष्ट्रीय स्टार्टअप सलाहकार परिषद की बैठक की अध्यक्षता की और उद्योग जगत के नेताओं, संस्थापकों और नीति निर्माताओं के साथ विचार-विमर्श किया। उन्होंने भारत के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए नवाचार, अनुसंधान एवं विकास और सहयोग को महत्वपूर्ण बताया।

### सरकारी खर्च के लिए बॉन्ड बिक्री से 36000 करोड़ रुपये जुटाएगी केंद्र सरकार

# 25 जुलाई को होगी नीलामी

**नई दिल्ली, 22 जुलाई (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने दो दिनांकित प्रतिभूतियों की बिक्री (पुनर्निर्गम) के जरिए 36,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना घोषित की है। इन प्रतिभूतियों की नीलामी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 25 जुलाई, 2025 को आयोजित की जाएगी।

**6,000 करोड़ और 30,000 करोड़ की प्रतिभूति:** पहली 5.91 प्रतिशत ब्याज दर वाली सकारी प्रतिभूति 2028 है, जिससे 6,000 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। यह 30 जून, 2028 को परिपक्व होगी। दूसरा 6.33 प्रतिशत ब्याज दर वाली सरकारी प्रतिभूति 2035 है, जिससे 30,000 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। यह 5 मई 2035 को परिपक्व होगी। वहीं निवेशकों की प्रतिक्रिया के आधार पर, इनमें से प्रत्येक प्रतिभूति पर 2,000 करोड़ रुपये तक की अतिरिक्त सदस्यता रखने का विकल्प भी खुला रखा है।

**सरकार क्यों करती है बॉन्ड जारी:** सरकार अपनी वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए जनता, बैंकों और अन्य संस्थाओं से धन उधार लेने हेतु बॉन्ड जारी करती है। जब सरकार करों और अन्य राजस्वों से होने वाली कमाई से ज्यादा खर्च करती है, तो उसे राजकोषीय घाटे का सामना करना पड़ता है। इसी कमी को पूरा करने के लिए, वह बॉन्ड, जिन्हें सरकारी प्रतिभूतियां भी कहा जाता है, जारी करती है। निवेशक इन बॉन्डों को खरीदते हैं और बदले में, सरकार एक निश्चित अवधि के बाद ब्याज सहित राशि वापस करने का वादा करती है। इसके जरिए सरकार को करों में तत्काल वृद्धि किए बिना बुनियादी ढांचे, कल्याणकारी योजनाओं, वेतन, सब्सिडी और अन्य विकास कार्यक्रमों के लिए धन जुटाने में मदद मिलती है। बांड को सुरक्षित निवेश माना जाता है क्योंकि वे सरकार द्वारा समर्थित होते हैं।




**ई-कुबेर प्लेटफॉर्म पर होगी नीलामी:** आरबीआई द्वारा वर्तमान नीलामी रिजर्व बैंक के मुंबई कार्यालय में इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफॉर्म ई-कुबेर के माध्यम से बहुमूल्य पद्धति का उपयोग करके आयोजित की जाएगी। नीलामी के परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे। सभी सफल बोलीदाताओं को 28 जुलाइ, 2025 तक भुगतान करना होगा।

### जोमैटो का शेयर 15 प्रतिशत चढ़ा

**मुंबई, 22 जुलाई (एजेंसी)।** जोमैटो ने 20 मार्च 2025 को अपना नाम बदलकर इटरनल लिमिटेड किया था। स्टॉक एक्सचेंज (BSE-NSE) पर नए नाम 'इटरनल' के साथ ऑफिशियल लिस्टिंग 9 अप्रैल 2025 को हुई थी बेहतर तिमाही नतीजों के चलते ऑनलाइन फूड डिलिवरी कंपनी जोमैटो (इटरनल लिमिटेड) के शेयर में आज यानी मंगलवार 22 जुलाई को 15त्न की तेजी है। बाजार के शुरुआती कारोबार में ही इसमें 10त्न की तेजी थी। यह 14.45% ऊपर कारोबार कर रहा है। कल यानी सोमवार, 21 जुलाई को रिजल्ट के बाद जोमैटो का शेयर आज 7.50% की तेजी के साथ 276.50 रुपए पर बंद हुआ। इटरनल का शेयर बीते 5 दिन में 15.61%, एक महीने में 20.27% और छह महीने में 44.87% का रिटर्न दिया है।

**पहली तिमाही में इटरनल की कमाई 69 प्रतिशत बढ़ी :** वित्त वर्ष वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 7,521 करोड़ रुपए की कुल कमाई की है। यह पिछले साल के मुकाबले 69.31त्न ज्यादा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 4,442 करोड़ रुपए की कमाई की थी।

### क्यूआईपी के जरिये 3000 करोड़ तक जुटाने की योजना बना रहा इरेडा

**नई दिल्ली, 22 जुलाई (एजेंसी)।** पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इरेडा इस साल 2,500-3,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रहा है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि दिसंबर 2023 में सफल आईपीओ के बाद कंपनी में सरकार की 3.76 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसे और कम करने पर विचार किया जा रहा है। संकटग्रस्त जेनसोल इंजीनियरिंग को इसने 700 करोड़ रुपये का कर्ज दे रखा है। इरेडा ने बैंक गारंटी भुनाने के साथ-साथ एफडी की राशि निकालने जैसे विभिन्न माध्यमों से 100 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली कर ली है। अब इरेडा ने इरेडा ने चालू वित्त वर्ष में क्यूआईपी के जरिये 2,500-3,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग)**

क्रमांक/1331/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा दिनांक-22/07/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नंदनी पिता नारायण प्रसाद शीतला पारा वार्ड क्रं. 10 तिल्दा-नेवरा द्वारा भूमि/भवन का श्री नारायण प्रसाद पिता खियलदास सतनामी शीतला पारा वार्ड क्रं. 10 तिल्दा नेवरा निवासी का सहमति पत्र निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त भवन डिमांड क्र. 128/62 भूमि शीतला पारा रकबा 750 वर्गफुट को नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।

आज दिनांक 22/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग)**

क्रमांक/1329/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा दिनांक-22/07/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रमोद कुमार जैन पिता श्री धरमचंद जैन बाजार पारा वार्ड कं. 12 तिल्दा-नेवरा द्वारा भूमि/भवन का स्व. श्री महेश कुमार भागवानी पिता स्व. श्री लक्ष्मणदास भागवानी बाजार पारा वार्ड क्रं. 12 तिल्दा नेवरा निवासी का मलमा बिक्रीनामा निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग)**

क्रमांक/1333/न.पा./रा.वि./2025-26
तिल्दा-नेवरा दिनांक-22/07/25

**ईश्तहार-सूचना**

एतद् द्वारा आम सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गौरव अग्रवाल, श्री विशाल अग्रवाल पिता स्व. श्री संतोष अग्रवाल बाजार पारा वार्ड क्रं. 12 तिल्दा-नेवरा द्वारा भूमि/भवन का स्व. श्री संतोष अग्रवाल पिता स्व. श्री गोपीलाल अग्रवाल पं. दीनदयाल वार्ड क्रं. 16 तिल्दा नेवरा निवासी का वसीयत नामा निम्न दस्तावेज संलग्न कर निकाय तिल्दा नेवरा में हकहस्तांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया हैं।

उक्त भवन डिमांड क्रं. 38/16 भूमि पं. दीनदयाल वार्ड नगर पालिका के कर अभिलेख में दर्ज किये जाने की मांग किया गया हैं। उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह ईश्तहार/विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर में दस्तावेज के साथ इस कार्यलय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मोहर लगाकर जारी किया जाता हैं।

मुहर

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**तिल्दा-नेवरा**



**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**लो.नि.वि., राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, रायपुर (छ.ग.)**

दिनांक 19.07.2025

सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. दिनांक | सिस्टम आई.डी.क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 77/CE/NH/TC /44-58/2025 (1st Call) | 2025_MoRTH _869702_1 | B.T & WMM ROAD REPAIR WORK OF EXISTING ROAD SECTION BADKIMAHRI TO RAMANUJGANJ KM 80.600 TO 110.000 = 29.400 KM OF AMBIKAPUR RAMANUJGANJ GARHWA ROAD N.H-343 UNDER RISK AND COST. | Rs 384.77 Lacs |

**निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 28.07.2025 शाम 17.30 बजे तक है।**

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (MORT&H's) के ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocue/app से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य अभियंता**
**लो.नि.वि., राष्ट्रीय परिक्षेत्र,**
**रायपुर (छ.ग.)**

जी- 252602315/8

## एक नजर

### मंदिर के दानपेटी से नकदी रकम पार

**रायपुर, 22 जुलाई।** सुंदरेश्वर महादेव मंदिर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने दानपेटी से 8 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसा प्रार्थी हेमंत राव कामडे 41 वर्ष सुंदर विहार कालोनी रायपुरा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसके घर के पास स्थित सुंदरेश्वर महादेव मंदिर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने दानपेटी से 8 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### कॉम्पलेक्स के बाहर खड़ी एक्टिवा चोरी

**रायपुर, 22 जुलाई ।** श्याम प्लाजा कॉम्प्लेक्स के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मंजीत सिंह अरोरा 50 वर्ष सेक्टर 5 देवेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एचडब्लू 5969 को श्याम प्लाजा कॉम्प्लेक्स के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### टाटा एस की टक्कर से एक्टिवा सवार की मौत

**रायपुर।** ग्राम पचेड़ा के पास टाटा एस वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। मामले में अभनपुर पुलिस ने टाटा एस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक नंदलाल यादव 21 वर्ष नवागांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि नंदलाल अपनी स्कूटी से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम पचेड़ा के पास टाटा एस क्रमांक सीजी 04 एमएम 7490 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दिया। जिससे स्कूटी सवार नंदलाल की मौत हो गई। मामले में गोबरानवापारा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर, 22 जुलाई।** पुरानी बस्ती और खरोरा थाना पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 56 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दर्री तालाब के पास भाठागांव में दबिश देकर आरोपी ललीत गोडाने 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 39 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने ग्राम भैंसा भाठापारा के पास आरोपी अजय साहू 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 17 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने इन दोनों आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### कोयला व्यापारी हत्या मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा 22 जुलाई।** कोयला व्यापारी की हत्या के मामले में पुलिस ने गिरफ्तारी जारी रखी है। एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कराया गया है। हाऊसिंग बोर्ड कालोनी खरमोरा निवासी अनिल यादव 50 वर्ष की हत्या के मामले में बालको पुलिस ने एक और आरोपी दुर्गा प्रसाद टंडन की गिरफ्तारी की है। घटना की रात वाला फुटेज देखने के बाद आरोपी की पहचान हुई है। पुलिस सूत्र ने बताया कि दुर्गा वही शख्स है जो अनिल यादव के सीने पर चढ़कर बैठकर कूदा था और इसकी वजह से अनिल को अंदरूनी चोट आई और हार्ट का वाल्व पंचर हो गया।

# राजधानी में जमकर बरसे बादल

## पौन घंटे में 31 एमएम वर्षा, कई मोहल्ले-बस्तियां जलमग्न, सड़कों पर भरा पानी

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 22 जुलाई।** राजधानी में आज सुबह एक इंच के आसपास वर्षा होने के कारण पूरा शहर तरबतर हो गया। नालियों की साफ सफाई की पोल खुल गई। वहीं सड़कों में पानी भर गया। जिसके कारण सुबह काम में जाने वाले लोग काफी परेशान हो गये। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार दक्षिण बस्तर में भारी वर्षा होने का पूर्वानुमान है।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. चंद्रा से मिली जानकारी के अनुसार ऊपर हवा में चक्रवात एवं मानसून द्रोणिका तथा बस्तर के ऊपर एक चक्रवात बनने के कारण आज राजधानी में दस बजे से लेकर 11 बजे के बीच काफी वर्षा हुई। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार यहां पर आधे घंटे में एक इंच के आसपास वर्षा हुई है। मौसम विभाग के रिकार्ड के अनुसार 31.5 एमएम वर्षा होने के कारण राजधानी के कई पाश इलाके में पानी भर गया है। नगर निगम के अधिकारियों के अनुसार चौबे कालोनी, समता, प्रोफेसर कालोनी तथा जोन क्रमांक एक के अंतर्गत आने वाले देवेंद्र नगर तथा अन्य निचली बस्तियों में पानी भर गया है। मौसम वैज्ञानिक के अनुसार एक वर्षा सिर्फ राजधानी के सीमित क्षेत्र में हुई है जबकि माना के आसपास कोई वर्षा नहीं हुई है।

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार मानसून द्रोणिका एवं ऊपरी हवा में चक्रवात होने के कारण दक्षिण बस्तर में अच्छी वर्षा होने का पूर्वानुमान है। आज वर्षा होने के पश्चात राजधानी के पार्षद तथा जोन कमिश्नर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने पहुंचे। जयस्तंभ चौक काफी हाउस के सामने भावना नगर काली नगर, गीता नगर सहित अन्य निचली बस्तियों में भी पानी भर गया है। वहीं खारून नदी का जलस्तर भी बढ़ता जा रहा है। आज सुबह से ही वर्षा होने के कारण राजधानीवासी काफी परेशान रहे। कामकाजी लोगों को काफी परेशानी हुई।

# लापता 3 बच्चों को पुलिस ने किया बरामद

## मजदूरी करने जा रहे थे दूसरे राज्य



**बलरामपुर, 22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में रविवार को 3 बच्चे अचानक लापता हो गए थे. परेशान परिजनों ने पुलिस में शिकायत कर मदद की गुहार लगाई थी. पुलिस ने मामले को गंभीरता लेते हुए तत्काल जांच शुरू की. लापता हुए तीनों बच्चों को पुलिस ने आज रायपुर से सकुशल बरामद किया और उन्हें लेकर बलरामपुर लौट रही है. बच्चों के मिलने से परिजनों ने राहत की सांस ली है. जानकारी के अनुसार, नाबालिगों को उनके साथियों ने दूसरे राज्यों में मजदूरी कर पैसा कमाने की बात कही. तीनों की उम्र 12 से 13 साल के बीच है. वह साथियों के बहकावे पर आ गए और मजदूरी के लिए घर से बिना सूचित किए निकल गए. लेकिन वह ज्यादा दूर नहीं जा पाए. पुलिस ने तीनों बच्चों को रायपुर से बरामद कर लिया. बता दें कि वाड्रफनगर चौकी क्षेत्र में 12-13 साल के 3 बच्चे रविवार को अचानक लापता हो गए. बच्चों के गायब होने की खबर मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया. उनके परिजनों ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. परिजनों ने आशंका जताई थी कि बच्चों को बहला-फुसलाकर बाहर के राज्यों में मजदूरी के लिए ले जाया गया होगा.

# छत्तीसगढ़ राज्य गठन की रजत जंयती पर 15 अगस्त से फरवरी तक होंगे कार्यक्रम



**रायपुर, 22 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य गठन की रजत जंयती के अवसर पर 15 अगस्त से अगले साल फरवरी तक 25 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रजत जयंती वर्ष की रुपरेखा तैयार करने के सिलसिले में सरकारी तैयारी शुरु हो गई है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष आयोजन के संबंध में सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष के आयोजन के संबंध में व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के जरिए आयोजित इस बैठक में राज्य शासन के सभी विभागों के सचिव, विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त और कलेक्टर शामिल हुए रजत जयंती वर्ष में 15 अगस्त 2025 से 6 फरवरी 2026 तक 25 सप्ताहों के दौरान राज्य के सभी विभागों, मंत्रियों के कई कार्यक्रम शामिल होंगे। हर विभाग के होंगे कार्यक्रमरजत जयंती वर्ष का आयोजन दो चरणों में होगा। पहला चरण 15 अगस्त 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक होगा। दूसरा चरण 01 नंवबर 2025 से 6 फरवरी 2026 तक होगा। रजत जयंती वर्ष के आयोजन के अवसर पर राज्य शासन के सभी विभागों द्वारा अपने साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें उनकी विभागीय योजनाओं एवं राज्य में 25 वर्ष में विभाग द्वारा किए गए कार्यों का समावेश होगा।

# जल्द शिफ्ट होगा रायपुर एसएसपी कार्यालय

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 22 जुलाई।** राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर स्थित एसएसपी भवन को शिफ्ट करने के लिए आखिरकार प्रशासन को दूसरा भवन मिल गया। एसएसपी कार्यालय को अब पुराना आरडीए काम्पलेक्स के पास रायपुर संभाग आयुक्त कार्यालय के पुराने भवन में शिफ्ट किया जाएगा। संभाग आयुक्त कार्यालय के लिए नए भवन का निर्माण पुराने भवन के पीछे किया जा रहा है।

इस नए भवन के बनते ही संभाग कार्यालय उसमें शिफ्ट हो जाएगा, वहीं खाली होने पर पुराने भवन में एसएसपी कार्यालय शिफ्ट होगा। एसएसपी भवन के शिफ्ट होते ही कलेक्टोरेट में प्रस्तावित पांच मंजिला नई कम्पोजिट बिल्डिंग के निर्माण का रास्ता भी साफ हो जाएगा, क्योंकि कम्पोजिट बिल्डिंग एसएसपी भवन की जमीन पर ही बनेगी। इसके लिए पहले एसएसपी भवन को तोड़ा जाएगा।

**प्रस्ताव को मंजूरी**

रायपुर एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि , एसएसपी कार्यालय को संभाग आयुक्त के पुराने भवन में शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया था, जिसे मंजूरी मिल गई है।

**तीन से चार माह और लगेंगे**

एसएसपी भवन को शिफ्ट करने के लिए प्रशासन ने रायपुर संभाग आयुक्त भवन की मांग करते हुए शासन को प्रस्ताव भेजा था, जिसे मंजूरी दे दी गई है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलते ही एसएसपी भवन को शिफ्ट करने की तैयारियों में भी विभाग जुट गया है, क्योंकि आगामी तीन से चार महीने के भीतर संभाग आयुक्त का पुराना भवन भी अपने नए भवन में शिफ्ट हो जाएगा। संभाग आयुक्त भवन के पीछे ही उसका तीन मंजिला नए भवन का निर्माण किया जा रहा है, जिसका लगभग 60 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। विभागीय सूत्रों की मानें, तो अब फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा है, जिसमें लगभग तीन से चार माह और लग सकते हैं। इसके बाद संभाग आयुक्त कार्यालय नए भवन में शिफ्ट हो जाएगा। इसके बाद खाली भवन में एसएसपी कार्यालय को शिफ्ट किया जाएगा।

# शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को दिया जा रहा डिजिटल प्रशिक्षण



**रायपुर, 22 जुलाई।** प्रोजेक्ट दक्षः हम होंगे स्मार्ट अब एक नई दिशा और पहचान बना रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा अनुरूप और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में इस परियोजना के माध्यम से जिले के शासकीय अधिकारी और कर्मचारी डिजिटल सशक्तिकरण की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और प्रभावशीलता लाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मचारियों को कंप्यूटर और मोबाइल के मूल उपयोग, साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, डिजिटल डॉक्यूमेंट मैनेजमेंट, ईमेल और MS Office जैसे उपयोगी टूल्स की व्यावहारिक जानकारी दी जा रही है। मास्टर ट्रेनर्स की मदद से यह प्रशिक्षण चरणबद्ध तरीके से कलेक्टोरेट स्थित बीपीओ सेंटर मल्टीलेवल पार्किंग में संचालित किया जा रहा है। प्रतिदिन दो पाली में 25-25 बैच में प्रशिक्षण दिया रहा है। जिसमें ऑन-हैंड प्रैक्टिकल सेशन शामिल हैं। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया जाएगा और सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया जाएगा।

# वैक्सीन प्रिवेंशन डिजीज के लिए हुई कार्यशाला

**रायपुर।** सीएमएचओ सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देशानुसार सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर डब्लू.एच.ओ रायपुर डॉ. नितीन पाटिल के द्वारा एक दिवसीय VPD सर्विलेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में खंड/शहरी चिकित्सा अधिकारी, शहरी/विकासखंड नोडल अधिकारी, बीपीएम, सी पी एम, बीईटीओ, सुपर वाइजर एवं जिला कार्यालय से जिला सांख्यिकी अधिकारी दिलीप बंजारे जी उपस्थित रहें। वैक्सीन प्रिवेंशन डिजीज अंतर्गत SMO के द्वारा, मिजिल्स रुबेला सर्विलेंस,स्नक्क गलघोंटू, कुकुर खांसी, काली खासी, नवजात टेटनस, धनुषटंकार इत्यादि बीमारियों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं सर्विलेंस के महत्व को समझाया गया। साथ ही टीकाकरण के बाद होने वाली प्रतिकूल प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए एनाफिलेक्सिस और इसके किट के बारे में समझाया गया। वर्क शाप में प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों ने प्री एवं पोस्ट पेपर को हल किया। इस प्रशिक्षण को प्राप्त करने के उपरांत उपरोक्त सभी डिजीज के लिए सर्विलेंस में तेजी आएगी। टीकाकरण कार्यकम की 3 माह की उपलब्धि की समीक्षा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश चौधरी द्वारा की गई गया। सभी बीएमओ को आनुपातिक लक्ष्य के अनुरूप आगामी महीनों में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने हेतु सीएमएचओ डॉ चौधरी जी द्वारा निर्देश दिए गए।

# महासमुंद की नवलीन कौर ने तीरंदाजी में नेशनल गेम्स में बनाया स्थान, सीएम साय ने दी बधाई



**रायपुर, 22 जुलाई।** खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के हर खिलाड़ी को उसकी मेहनत, लगन और क्षमता के अनुरूप अवसर, संसाधन और मंच उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने महासमुंद जिले की नवोदित तीरंदाज नवलीन कौर को आगामी राष्ट्रीय खेलों में तीरंदाजी में स्थान बनाने पर बधाई और शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवलीन जैसी खिलाड़ी छत्तीसगढ़ के भविष्य की नींव हैं और सरकार उन्हें खेल के हर स्तर पर निखारने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। जन्म से ही स्वास्थ्यगत चुनौतियों से जूझने वाली नवलीन ने इसे अपनी कमज़ोरी नहीं, बल्कि ताकत में बदल दिया और खेल को अपना जीवन-मार्ग चुना। उन्होंने फरवरी 2025 में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर यह साबित कर दिया कि इच्छाशक्ति और मेहनत के आगे कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती।

महासमुंद जिले के बागबाहरा की निवासी नवलीन कौर, श्री अरविंद एवं श्रीमती रंजीत कौर छाबड़ा की सुपुत्री हैं। उनका जन्म गर्भावस्था के सातवें महीने में हुआ था, जिससे प्रारंभिक वर्षों में स्वास्थ्य संबंधी कई परेशानियाँ रहीं। आस-पड़ोस, रिश्तेदार और परिचित हमेशा उनकी तबीयत के बारे में पूछते रहते थे, जिससे वह कभी-कभी उदास हो जाती थीं। लेकिन नवलीन ने इस जिज्ञासा को चुनौती के रूप में स्वीकार किया और खुद को एक नई दिशा में ढाल दिया।

वर्ष 2018 में नवलीन ने बागबाहरा से लगभग पांच किलोमीटर दूर स्थित बिहाझर बालाश्रम में तीरंदाजी का प्रशिक्षण प्रारंभ किया। वे महासमुंद जिले की पहली महिला तीरंदाज बनीं। स्कूली शिक्षा के दौरान उन्होंने दो बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक हासिल किए और एक बार राष्ट्रीय स्तर की स्कूली तीरंदाजी प्रतियोगिता में चौथा स्थान अर्जित किया। वर्ष 2023 में उन्होंने गुजरात में आयोजित एफजीएफआई राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया और राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# तेलीबांधा मौलीमाता बाजार में मुख्य मार्ग से अवैध कब्जे हटाए गए



**रायपुर, 22 जुलाई।** राजधानी के तेलीबांधा स्थित मौलीमाता मंदिर से लेकर मुख्य बाजार तक यातायात बाधित करने वाले ठेलों एवं चबूतरों को निगम द्वारा हटाया गया है। बरसात में गरीब व्यावसायियों को हटाने से गरीबों में रोष है।


नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार जोन 3 कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता नरेश साहू, उपअभियता अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में जोन 3 नगर निवेश की टीम ने निगम मुख्यालय उडनदस्ता सहित मौली माता बाजार तेलीबांधा गेट के पास मुख्य मार्ग के कब्जाधारी लगभग 20 ठेलो को सडक से हटाकर खदेडने की कार्यवाही की एवं लगभग 10 अवैध ठेलो को व्यवस्था सुधार हेतु कडाई करते हुए सडक से जप्त कर लिया गया। इससे यातायात बाधा दूर हुई एवं नागरिको को सुगम आवागमन सुव्यवस्थित तरीके से मुख्य बाजार सडक मार्ग पर तेलीबाधा में उपलब्ध हुआ। नगर निगम जोन 3 द्वारा मुख्य बाजार मार्ग मौली माता बाजार तेलीबांधा में सड़क पर बैठकर व्यवसाय कर रहे सब्जी व्यवसायियों को पानी टकी के पास के बाजार में निर्मित चबूतरे में व्यवस्थापित करने की शीघ्र कार्यवाही करने की तैयारी की जा रही है। 10 से अधिक सब्जी व्यवसायियों को सडक से बाजार में व्यवस्थित रूप से चबूतरे पर व्यवस्थापित करने की शीघ्र तैयारी है।

जिससे सडक यातायात बाधा दूर होगी एवं व्यवसायियों को बाजार में व्यवस्थित स्थान स्वास्थ्यवर्धक वातावरण में मिलेगा एवं नागरिको को भी बाजार में व्यवस्थित रूप से सब्जी खरीदने का लाभ प्राप्त हो सकेगा। टीम प्रहरी अभियान आगे भी जनहित में जनसुविधा हेतु मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों को राजधानी शहर रायपुर में सुगम और सुव्यवस्थित बनाने जारी रहेगा।

## खंड वर्षा किसानों के लिए चिंता का विषय

# बोवाई के बाद अब बियासी रोपाई के लिए पानी का इंतजार

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 22 जुलाई।** प्रदेश में इस समय हो रही खंड वर्षा से किसान चिंतित है किसानों का कहना है कि बोवाई हो चुकी है अब रोपाई एवं बियासी के लिए पानी चाहिए।

किसान नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में कुल 33 जिले हैं। जिनमें से दक्षिण बस्तर और उत्तरी बस्तर में ही अच्छी वर्षा हो रही है। मध्य क्षेत्र में वर्षा नहीं होने के कारण रायपुर, बिलासपुर संभाग के विभिन्न जिलों में स्थिति काफी खराब है। किसानों ने बताया कि अभी खाद का संकट है लेकिन खाद अभी आना चालू हो गई है। ज्ञात रहे किसानों को नैनों खाद की आपूर्ति को लेकर काफी मदभेद है इसे यूरिया में डालकर उपयोग में लाया जाता है। लेकिन यह भी काफी महंगा है इस समय यूरिया डीएपी भी नहीं मिल रहा है किसान सहकारी समितियों का चक्कर काट रहे हैं। राज्य में कुल 39 लाख हेक्टेयर में खेती की जाती है। कुल 225 तहसील है इनमें से 50 प्रतिशत तहसील में पर्याप्त वर्षा हुई है। जिसके कारण कृषि कार्य में तेजी आई है लेकिन वर्षा उत्तरी एवं दक्षिणी छग में हो रही है जिसके कारण कई क्षेत्र के किसान परेशान है। अभनपुर आरंग तथा धरसींवा ब्लाक में भी पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण किसान बियासी के लिए पानी का इंतजार कर रहे हैं। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अभी वर्षा फिलहाल दक्षिण बस्तर में होगी। राज्य सरकार ने करीब 17 लाख टन खाद का संग्रहण कराया है। इनमें से पांच लाख टन का वितरण हो चुका है। रायपुर जिले में पर्याप्त प्रमाणी बीज और खाद का वितरण किया गया है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26